नई दिल्ली

सोमवार, 17 मार्च 2025

चैत्र मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 28, अंक : 336

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 34
न्यून. 16


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## तीन साल में सबसे ज्यादा 'बढ़ोतरी'

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 15 अरब डॉलर का 'उछाल'

अब कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल आया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 15.267 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर हो गया है। यह बीते तीन साल में एक सप्ताह में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 74 अरब डॉलर का सोने का भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की वजह रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रुपए में तेज गिरावट को रोकना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रुपया अब अमेरिकी डॉलर की तुलना में सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से बातचीत में पीएम मोदी ने बताया

# मैंने उन्हें शपथ समारोह में बुलाया, शांति के प्रयासों के लिए लाहौर भी गया, लेकिन विश्वासघात मिला

आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है, इसके कामकाज को समझना होगा

*पीएम मोदी ने कहा कि हम लगातार कह रहे हैं कि आप आतंकवाद के रास्ते को छोड़ दीजिए, ये सरकारी आतंकवाद है जो बंद होना चाहिए। सब कुछ आतंकवादियों के हाथ में छोड़ दिया है, इससे किसका भला होगा?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई।

इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीन घंटे से अधिक के संवाद में कहा कि हम लगातार कह रहे हैं कि आप आतंकवाद के रास्ते को छोड़ दीजिए, ये सरकारी आतंकवाद है जो बंद होना चाहिए। सब कुछ आतंकवादियों के हाथ में छोड़ दिया है, इससे किसका भला होगा? उन्होंने कहा कि शांति के प्रयासों के लिए मैं खुद लाहौर चला गया था। मेरे प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने मेरे शपथ समारोह में पाकिस्तान को स्पेशल इन्वाइट किया था ताकि एक शुभ शुरुआत हो। लेकिन हर बार अच्छे प्रयासों का परिणाम नकारात्मक निकला। हम उम्मीद करते हैं कि उनको सद्बुद्धि मिलेगी। वहां की आवाम भी नहीं चाहती होगी कि ऐसी जिंदगी जिएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से लंबी बातचीत हुई है। इसमें पीएम मोदी ने अपने बचपन से लेकर सार्वजनिक जीवन की यात्रा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है। मोदी ने आरएसएस से अपने जुड़ाव के बारे में भी बात की है। मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला। बचपन में संघ की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही संघ ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं है। आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है, इसके कामकाज को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा ▶▶ शेष पेज 5 पर

वामपंथी कहते हैं दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ। संघ कहता है श्रमिक संगठन मजदूरों, दुनिया को एक करो



### मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों में

पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं विश्व नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है।

### भारत के इतिहास सहित कई विषयों पर घंटों तक हुई चर्चा

फ्रिडमैन पिछले महीने पीएम मोदी का साक्षात्कार लेने के लिए भारत आए थे। अपनी यात्रा से पहले उन्होंने भारत के इतिहास सहित कई विषयों पर घंटों पीएम मोदी के साथ बातचीत करने की खुशी और उत्सुकता व्यक्त की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि पीएम मोदी उनके अब तक पढ़े गए सबसे आकर्षक इंसानों में से एक हैं।

### झूठे मामलों में हमें सजा दिलाने की पूरी कोशिश की

*7 अक्टूबर 2001 को अचानक मुझे गुजरात का मुख्यमंत्री बनने का दायित्व मिल गया। 27 फरवरी 2002 को मेरी सरकार बजट पेश करने वाली थी, तभी हमें गोधरा ट्रेन हादसे की सूचना मिली। यह बहुत गंभीर घटना थी। लोगों को जिंदा जला दिया गया। आप कल्पना कर सकते हैं कि पिछली सभी घटनाओं के बाद स्थिति कैसी रही होगी। 2002 से पहले राज्य में 250 से ज्यादा बड़े दंगे हुए थे। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ इन झूठे मामलों में हमें सजा दिलाने की पूरी कोशिश की। उनके प्रयासों के बावजूद, न्यायपालिका ने पूरे घटनाक्रम का विस्तार से विश्लेषण किया। यह 2-2 बार हुआ और पूरी तरह निर्दोष रहा। आरोपियों को सजा मिल चुकी है। सबसे बड़ी बात है कि 2002 से पहले गुजरात में लगातार दंगे होते रहे, लेकिन 2002 के बाद कोई बड़ी घटना नहीं हुई।*

## पैरेंट्स की संपत्ति को लेकर मंत्री का बड़ा बयान

# अगर बच्चे अपने माता-पिता को अस्पताल में छोड़ते हैं तो वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू



कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने रविवार को कहा कि अगर बच्चों ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को अस्पतालों में छोड़ दिया है, तो उनकी संपत्ति का हस्तांतरण और वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि यह समस्या तब सामने आती है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम पर कर देते हैं, और फिर बच्चे उन्हें अस्पतालों में छोड़कर चले जाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, एक गंभीर और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसमें कई बुजुर्ग माता-पिताओं को उनके बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में छोड़ आते हैं। यह अक्सर तब होता है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम कर देते हैं। मंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 'बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अकेले 150 से ज्यादा बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए हैं, जबकि राज्य के अन्य मेडिकल संस्थानों में 100 से ज्यादा ऐसे ही मामले देखने को मिले हैं। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में बीआईएमएस के निदेशक ने चिकित्सा शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के समक्ष यह मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नॉमिनेशन शुरू



**नई दिल्ली।** पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है है। अगले साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इस तिथि तक नामांकन किया जा सकता है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी।, जिसका पता- awards.gov.in है। इस वेबसाइट पर जाकर पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

### भाजपा ने महाराष्ट्र विधान परिषद उपचुनाव के लिए घोषित किए तीन उम्मीदवार



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा ने विधान परिषद उपचुनाव के लिए नागपुर के पूर्व मेयर और फडणवीस के करीबी संदीप दिवाकर राव जोशी, राज्य भाजपा इकाई के महासचिव संजय किशनराव केनेकर और पूर्व विधायक दादाराव यादवराव केचे के नामों की घोषणा की है। राज्य विधान परिषद की पांच सीटों के लिए 27 मार्च को उपचुनाव होने वाले हैं। नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव में पांच विधान परिषद सदस्यों की जीत के कारण उपचुनाव की जरूरत पड़ी है। विधानसभा में पहुंचे विधान परिषद सदस्यों में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आरतियों और शयन के समय में परिवर्तन



**मथुरा।** जन जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के मंदिर में रविवार से दर्शनों की समयसारिणी बदल गई। इसके चलते ठाकुरजी के दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों व शयन करने के समय में परिवर्तन हो गया है। 16 मार्च को दूज तिथि से मंदिर में परिवर्तित होने वाली ग्रीष्मकालीन समयसारिणी के अनुसार ठाकुरजी के दर्शन सुबह 7:45 खुलेंगे व 7:55 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह में 11 से 11.30 बजे तक राजभोग धराया जाएगा तथा 11:55 बजे राजभोग आरती संपन्न होगी। उसके बाद करीब 1 घंटे तक अपने सेवायतों द्वारा इत्र से मालिश कराकर बांकेबिहारी आराम करेंगे।

# शमी की बेटी ने खेली होली और मसूद ने उड़ाया रंग तो भड़के मौलाना- यह तो जुर्म

■ मसूद बोले- रंगों में जहर घोलने वालों को जवाब दिया

एजेंसी ▶▶ बरेली



ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बेटी के होली खेलने पर सख्त ऐतराज जताते हुए इसे अवैध और शरीयत के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि वह छोटी बच्ची है। अगर वह बिना समझे होली खेलती है तो यह कोई अपराध नहीं है। अगर वह समझदार है और फिर भी होली खेलती है तो इसे शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। होली हिंदुओं के लिए बहुत बड़ा त्योहार है लेकिन मुसलमानों को होली मनाने से बचना चाहिए। अगर कोई शरीयत को जानने के बाद भी होली मनाता है तो यह गुनाह है। उधर, कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत में बन रही एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब

**1000** किमी प्रति घंटे से अधिक हो सकती है रफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में महत्वाकांक्षी हाइपरलूप प्रोजेक्ट डेवलप हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब तैयार होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर की होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी। रेलवे, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता, उनके साथ किया डांस

आईएसएस पर पहुंचा नासा का रॉकेट फाल्कन- 9

# इस हफ्ते के अंत तक अंतरिक्ष से लौटेंगी सुनीता विलियम्स...भगवान गणेश की मूर्ति है उनके साथ

*बीते नौ महीने से सुनीता साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस में फंसी हुई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते नौ महीनों से अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस में फंसी हुई हैं। विमान में तकनीकी खराबी होने के कारण 8 दिन में लौटने वाली सुनीता विलियम को अंतरिक्ष में 9 महीने हो चुके हैं, लेकिन अब राहत की बात यह है कि नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गया है, यानी कि ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दो अमेरिकी व दो जापानी यात्री

क्रू-10 की सफल डॉकिंग के बाद, जैसे ही सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर से बाकी अंतरिक्ष यात्री मिले तो दोनों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। अपने साथियों को देख दोनों ही बेहद खुश हुए और उनसे गले लग गए। सभी ने डांस किया और सेलिब्रेट किया। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा। अंतरिक्ष में जाने वाले सदस्यों में अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री एन मौक्केलन ▶▶ शेष पेज 5 पर




## कपड़े की दुकान में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर बाजार में रविवार को एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया। दमकल विभाग के अनुसार हमें रविवार सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर कपड़े की एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग बुझाने में अग्निशमन कर्मियों को लगभग आधे घंटे का समय लगा। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### आईफोन और सैमसंग ब्रांड सहित कुल 32 मोबाइल फोन बरामद

# चोरी के मोबाइल की नेपाल में तस्करी करने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने चोरी के मोबाइल फोन की नेपाल में तस्करी करने वाले गिरोह में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तराखंड के बनबसा, चंपावत, उत्तराखंड निवासी नदीम (45) के रूप में हुई है। इसे शनिवार को उस समय पकड़ा गया जब वह नेपाल जाने वाली बस में सवार होने के लिये आईएसबीटी आनंद विहार पहुंचा था। उसके कब्जे से आईफोन और सैमसंग ब्रांड सहित कुल 32 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।



पुलिस के अनुसार नदीम चोरी के मोबाइल फोन के लिए कूरियर का काम करता था। वह दिल्ली में झपटमारों द्वारा लूटे और चोरी किये गये फोन नेपाल पहुंचाता था। नेपाली बस परिचालक नरेंद्र भट नदीम के काम में मदद करता था। नरेन्द्र उसे यात्रा खर्च के साथ साथ प्रति फोन 200 रुपये देता था। पिछले कई महीनों में नदीम ने सीमा पार तस्करी से पहले करोल बाग और आसपास के इलाकों से चोरी किए गए फोन इकट्ठा करने के लिए दिल्ली की कई यात्राएं की है। दिल्ली पुलिस इस गिरोह पर नजर रख रही थी। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है।

# अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दलाल के जरिये घुसपैठ कर भारत में हुआ था दाखिल
- निर्वासन की प्रक्रिया शुरू

दक्षिण पश्चिम जिले की आरकेपुरम पुलिस ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। अफजुद्दीन गाजी (40) नामक इस शख्स को 13 मार्च को सुबह गश्त के दौरान पकड़ा गया। वह दलाल के जरिये घुसपैठ कर भारत में दाखिल हुआ था। इसके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी के अनुसार गाजी ने 2022 में बेनापोल पेट्रापोल सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। रफीक नामक एक दलाल ने चार हजार रुपये लेकर घुसपैठ कराने में उसकी मदद की थी। गाजी रेलगाड़ी से दिल्ली आया और कूड़ा बीनने का काम शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह पहचाने जाने से बचने के लिए अक्सर शहर भर में घूमता रहता था। पुलिस के पूछताछ करने पर उसने पहले खुद को पश्चिम बंगाल के मालदा का निवासी बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसकी असली पहचान सामने आ गई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय ने निर्वासन की कार्यवाही शुरू कर दी है और गाजी को बांग्लादेश लौटने तक शहजादा बाग स्थित सेवा सदन में रखा गया है।

## आवारा सांड के हमले में फल विक्रेता की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में एक आवारा सांड के हमले में 54 वर्षीय फल विक्रेता की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सनाउल्ला के रूप में हुई है। उनके परिवार में उनकी पत्नी, चार बेटियां और दो बेटे हैं। वह इसी इलाके में रहते हैं। मृतक के भाई खुर्शीद अनवर ने बताया कि जब वह शाम करीब चार बजे पॉकेट 13 के पास अपना ठेला ले जा रहे थे तो उस दौरान कुछ आवारा पशु वहां से गुजर रहे थे। पुलिस ने बताया कि अचानक एक सांड ने सनाउल्लाह पर हमला कर दिया, जिससे वह हवा में उछल गए, उनके सिर पर गंभीर चोट लगी और बहुत खून बहने लगा। उसने बताया कि स्थानीय लोगों ने जानवरों को भगाया और सनाउल्लाह को पास के अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

# राजपार्क में जुए के अड्डे पर रेड, सात गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी जिले के राज पार्क थाना पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ कार्रवाई करते हुये सात लोगों को पकड़ा है। इनके खिलाफ दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जुए के लिए दांव पर रखे गए हजारों रुपये नकदी और जुआ खेलने में इस्तेमाल सामान भी इनसे जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार आपराधिक गतिविधियों को रोकने और उनका पता लगाने के उद्देश्य से नियमित गश्त करते समय पुलिस स्टेशन राज पार्क के हेड कांस्टेबल विकास और कांस्टेबल लोकेंद्र ने एफ-ब्लॉक, सुल्तानपुरी में कई व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए देखा था। पुलिस की मौजूदगी को देखते ही संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के चलते सात व्यक्तियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। पकड़े गये जुआरियों के नाम राजू, सूरजभान, लक्ष्मण, नरेंद्र, सुदामा, कंवर लाल और अंकुश है। सभी सुल्तानपुरी के रहने वाले हैं।

## इग्नू ने जून टर्म एंड परीक्षा के लिए आवेदन पत्र किए जारी

नई दिल्ली। इग्नू ने जून टर्म एंड परीक्षा (टीईई) आवेदन पत्र जारी कर दी है। इसके लिए पात्र उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इग्नू टीईई जून 2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू टीईई जून सत्र की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है। इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट के अनुसार, ओडीएल और पेन और पेपर, सीबीटी मोड में ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय की टर्म एंड परीक्षाएं 2 से 11 जून तक शुरू होंगी। इग्नू ने कहा है कि परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, आईडी बनानी होगी। उम्मीदवार ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके ग्रेड और अंक डिजिलॉकर या एबीसी पोर्टल पर दिखाई नहीं देंगे। इससे उनके परिणाम की घोषणा भी प्रभावित हो सकती है। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र इग्नू समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरना होगा। छात्र पहले से पंजीकृत हैं, तो वे अपने लॉगिन विवरण का उपयोग करके आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

# फसलों और सब्जियों में आवश्यकतानुसार उचित प्रबंधन करें किसान : पूसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तापमान बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली देहात एवं आसपास के किसानों को सलाह दी जाती है कि वे सभी रबी फसलों और सब्जियों में आवश्यकतानुसार उचित प्रबंधन करें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के कृषि भौतिकी संभाग में नोड्ल अधिकारी डॉ अनंता वशिष्ठ ने सलाहकार समिति के वैज्ञानिकों से परामर्श के बाद किसानों को यह सलाह जारी की है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि पूर्ण रूप से पके तोरिया या सरसों की फसल को अतिशीघ्र काट दें। 75-80 प्रतिशत फली का रंग भूरा होना ही फसल पकने के लक्षण हैं। फलियों के अधिक पकने की स्थिति में दाने झड़ने की संभावना होती है। अधिक समय तक कटे फसलों को सुखने के लिए खेत पर रखने से चितकबरा बग से नुकसान होता है अतः वे जल्द से जल्द गहाई करें। गहाई के बाद



फसल अवशेषों को नष्ट कर दें, इससे कीट की संख्या को कम करने में मदद मिलती है।

कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान टमाटर, मिर्च, कद्दूवर्गीय सब्जियों के तैयार पौधों की रोपाई इस सप्ताह कर सकते हैं। इस मौसम में प्याज की समय से बोयी गई फसल में नीला धब्बा रोग की निगरानी करते रहें। रोग के लक्षण पाये जाने पर डाइथेन- एम-45 प्रति 3 ग्राम. प्रति ली. पानी किसी चिपकने वाले पदार्थ जैसे टीपोल आदि (1 ग्रा. प्रति एक लीटर घोल) में मिलाकर छिड़काव करें। मौसम को ध्यान में रखते हुए टमाटर के फलों को फली छेदक कीट से बचाव हेतु किसान खेत में पक्षी बसेरा लगाए। कीट से नष्ट फलों को इकट्ठा कर जमीन में दबा दें। साथ ही फल छेदक कीट की निगरानी हेतु फिरोमोन प्रपंश प्रति 2-3 प्रपंश प्रति एकड़ की दर से लगाएं।

# हाईकोर्ट केजरीवाल की जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर आज करेगा सुनवाई



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। यह याचिका न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

इससे पहले जांच एजेंसी के वकील द्वारा अनुरोध किए जाने पर अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी थी।

केजरीवाल के वकील ने दलील दी थी कि उनकी जमानत बरकरार रखी जाए क्योंकि अन्य सभी आरोपियों को धनशोधन मामले में पहले ही जमानत मिल चुकी है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 12 जुलाई को धनशोधन मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी।



दिल्ली नगर निगम का वाहन नरेला बस टर्मिनल स्थित डीटीसी बस पास केंद्र परिसर में धूल नियंत्रित करते हुए।

# कम से कम कीटनाशक दवाइयों का किया जाए छिड़काव : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाए। नरेला जोन के उपायुक्त (डीसी) पवन यादव ने हाल ही में नरेला के पंजाबी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में आयोजित नरेला जोन के विभिन्न एमटीएस (पीएच) जैसे डीबीसी कर्मचारी और फील्ड वर्कर कर्मियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यह निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न एमटीएस (पीएच) को घरों में मच्छरों की उत्पत्ति होने वाली जगहों के बारे में जानकारी दी गई एवं उत्पत्ति को रोकने के लिए छिड़की जाने वाली कीटनाशक दवाइयों के बारे में



- डीबीसी एमटीएस कर्मियों के लिए निगम ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 300 एमटीएस (पीएच) कर्मियों ने भाग लिया। उपायुक्त यादव ने बताया कि इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम हर वर्ष नरेला जोन में किया जाता है ताकि सभी कर्मियों को मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिए किए जा रहे नवीनतम पद्धति एवं दवाइयों के बारे में जानकारी दी जा सके।

## मच्छरों की उत्पत्ति अच्छी तरह से नियंत्रित की जाती है : डॉ. हांडा

कार्यक्रम में जोन के उप-स्वास्थ्य अधिकारी अजय हांडा ने बताया कि इस वर्ष डेंगू के मामले दिल्ली में अन्य क्षेत्र से बहुत कम नरेला जोन में दर्ज हुए। हमारे विभाग के कर्मचारी प्रशंसा के पात्र है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र दिल्ली के बॉर्डर पर होने के बावजूद भी यहां मच्छरों की उत्पत्ति अच्छी तरह से नियंत्रित की जाती है एवं कुछ स्थानों पर हरियाणा सरकार में कार्यरत मलेरिया कर्मियों के साथ मिलकर भी कार्य किया जाता है। एएमओ सुधीर राणा ने बताया कि उनके पास सभी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और सभी मलेरिया रोधी दवाइयां छिड़कने वाली की मशीनों के जाँच करवा ली गई हे ताकि मलेरिया के मौसम में वह सुचारू रूप से कार्य कर सके।

### ज्यादा से ज्यादा बायोलॉजिकल पद्धति का हो उपयोग

यहां वक्ताओं ने मच्छरों के प्रजनन को खत्म करने के लिए ज्यादा से ज्यादा बायोलॉजिकल पद्धति का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अभी भी लोग चौपाल में बताई गई बात एवं बड़े बुजर्गों के द्वारा बताई गई बातों का सम्मान करते हैं एवं उनकी बातें मानी जाती है। यदि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा चौपाल के द्वारा और गांव प्रधान के द्वारा ग्रामीणों को दी जाए, तो काफी हद तक ग्रामीण इसका पालन करेंगे। अन्य उपलब्ध संसाधनों के साथ साथ इस तरह की स्वास्थ्य शिक्षा पर इस क्षेत्र के मलेरिया कर्मचारी को जोर देना चाहिए।

## दिल्ली नगर निगम सदन बैठक आज हंगामे के प्रबल आसार



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, सिविक सेंटर में आज, 17 मार्च 2025, सोमवार को निगम की सदन बैठक में हंगामा होने के प्रबल आसार बताए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि हाल ही में वर्तमान और आगामी बजट सत्र को लेकर निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल की बजट स्पीच के दौरान सत्ता पक्ष के पार्षदों ने जमकर हंगामा किया था जिसके चलते नेता विपक्ष अपनी बात नहीं रख पाए। वहीं, दूसरी तरफ 12 मार्च का बजट सत्र के दौरान भाजपा पार्षद अपने अपने सुझाव रखना चाहते थे लेकिन बजट सत्र की बैठक बीच में ही स्थगित कर दी गई। इसका कारण कोरम में पार्षदों की संख्या कम होना बताया गया जबकि पार्षदों ने सुझाव दिया था कि कुछ मिनट सत्र को स्थगित करके फिर से सत्र में चर्चा कराई जा सकती है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री आशीष सूद हुए शामिल

# दिल्ली भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने रोजा इफ्तार कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री आशीष सूद, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद, अंतरराष्ट्रीय खो खो खिलाड़ी नसरीन शेख, दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज, एवं डॉ हर्षवर्धन, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आतिफ रशीद, दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी कारी मोहम्मद हारून प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और रोज़ादारों



के साथ सबने रोज़ा इफ्तार किया और रमज़ान की मुबारकबाद दी।

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के मुकद्दस महीने में रोजा इफ्तार का एक अलग ही महत्व होता है, इस महीने में जगह जगह रोजा इफ्तार कार्यक्रम भी किए जाते हैं जिसमें सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित कर संयुक्त रूप से रोजा इफ्तार किया जाता है। दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी इरफान सलमानी, नासिर रजा, इमतियाज अहमद, जुल्फिकार, आस मोहम्मद मालिक, इकरार कुरैशी, मुस्तफा सिद्दीकी सहित अनेकों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अब्बासी ने कहा कि रमज़ान का पाक महीना इबादत का महीना होता है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते हैं और आपसी भाईचारा वा देश की खुशहाली के लिए दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि आज इसी भावना के लेकर हमने इस रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया है ताकि हम सभी मिलकर अब विकसित दिल्ली किए दुआ करें और प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने में अपना योगदान दे सकें।

# एम्स में अंगदान के लिए वॉकथॉन कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में रविवार को अंगदान के लिए वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम्स के डायरेक्टर एम श्रीनिवास ने कहा कि अंगदान के इस नेक काम में आपकी भागीदारी अनगिनत लोगों की जान बचाने और कई अन्य लोगों को योगदान देने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक कदम है। साथ मिलकर हमने आशा के संदेश और जीवन के उपहार को मजबूत किया है। बता दें कि एम्स के फैकल्टी एसोसिएशन, रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन और ओआरबीओ के सहयोग से एम्सऑनियंस द्वारा वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एम्स के जेएल नेहरु ऑडिटोरियम से शुरू इस वॉकथॉन का उद्देश्य अंग और ऊतक दान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एक ऐसे नेक काम को बढ़ावा देना है जो अनगिनत लोगों की जान बचा सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि एक व्यक्ति के अंगदान करने



- उद्देश्य अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बचाई जा सके जान

से सात से आठ मरीजों की जान बचाई जा सकती है। अंगदान से शरीर को कोई नुकसान भी नहीं होता है। जिंदा रहते हुए आप किडनी और लिवर दान कर सकते हैं और मृतक व्यक्ति आंखें, लिवर, किडनी, हार्ट, स्किन जैसे अंगदान कर सकता है। जागरूकता की कमी के कारण भारत में अंगदान की संख्या कम है। लोगों में अंगदान को लेकर कई तरह की गलत धारणाएं हैं। इस वजह से मौत के बाद भी अंगदान नहीं किया जाता है।

**खबर संक्षेप**

## निगम ने शिक्षा के लिए की साढ़े आठ करोड़ की राशि जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले मान्यता प्राप्त निजी सहायता रहित विद्यालयों को आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग से आने वाले छात्रों के लिए प्रति छात्र खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए लगभग साढ़े 8 करोड़ की राशि जारी की है। निगम प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। निगम प्रशासन का कहना है कि दिल्ली नगर निगम शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत छात्रों को हर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली नगर निगम ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए निगम के अधिकारक्षेत्र में आने वाले मान्यता प्राप्त निजी सहायता रहित विद्यालयों को आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग से आने वाले छात्रों के लिए प्रति छात्र खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए लगभग 8.5 करोड़ की राशि जारी कर दी है।

## दिल्ली में अधिकतम तापमान पहुंच सकता है 38 डिग्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों को जल्द ही सूरज के बिगड़ते तेवरों की मार झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। क्योंकि इस बार सर्दियों के मौसम में भी गर्मी ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मार्च में ही अधिकतम तापमान 36 डिग्री को पार कर चुका है। जबकि रविवार को भी अधिकतम व न्यूनतम तापमान दोनों सामान्य से ऊपर दर्ज हुए। अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आईएमडी का अनुमान है कि दिल्ली में 21 मार्च के बाद गर्मी बढ़ने वाली है। जबकि 15 मार्च तक मौसम कभी गर्म, तो कभी हल्का ठंडा रहा है।

### उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

# भाजपा सरकार बारापुला सहित अन्य नालों की करेगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सुनेहरी पुल, कुशक और बारापुला नालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर एलजी व सीएम के अलावा पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा, सांसद बांसुरी स्वराज तथा कई आला अधिकारी मौजूद थे। इस कड़ी में एलजी ने बारापुला नाले के निरीक्षण के दौरान सफाई को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आतिशी सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए।

एलजी ने कहा कि दिल्ली में बाढ़ के हालात पैदा करने में बारापुला नाले की सफाई नहीं करना और इसके डिजाइन में खामी भी जिम्मेदार है। इसलिए वर्तमान भाजपा सरकार अब बारापुला नाले सहित अन्य नालों की सफाई को प्रमुखता से करेगी। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने बारापुला नाले की सफाई को लेकर कहा कि अभी तक बारापुला नाले की साफ सफाई की जिम्मेदारी किस विभाग के पास थी यह किसी को नहीं पता। लेकिन अब हमने उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में बारापुला नाले की सफाई की जिम्मेदारी बाढ़ एवं नियंत्रण विभाग को सौंप दी है। रेखा गुप्ता ने कहा कि अब नाले की सफाई नहीं होने पर संबंधित क्षेत्र के विधायक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बारापुला सहित कई ऐसे नाले है जिन्हें गत सरकार ने कभी भी गंभीरता से सफाई करवाने की तरफ ध्यान ही नहीं दिया। जिसके चलते बारिश के दौरान दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात बनते रहे है। रेखा ने कहा कि अधिकांश एजेंसियों के बीच इस बात को लेकर कोई स्पष्टता ही नहीं थी कि कौन सी एजेंसी इन नालों को साफ करेगी। लेकिन अब हमारी सरकार ने बारापुला नाले की गाद निकालने की जिम्मेदारी सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग को दी है। हमें सुनिश्चित करना है कि बारिश के मौसम में जलभराव न हो इसके लिए अभी से युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

**नाले की सफाई नहीं होने पर संबंधित क्षेत्र के विधायक को ठहराया जाएगा जिम्मेदार**

उन्होंने साफ किया कि हम संबंधित विधायकों से उनके नालो, सीवरेज की सफाई के बारे में किए जा रहे कामों के बारे में बाकायदा लिखित में जवाब मांगेंगे। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार सुव्यवस्थित जल निकासी और मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबंद्ध है। निरीक्षण के दौरान नागरिकों की सुविधा हेतु आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। आने वाले समय में इन क्षेत्रों को और अधिक सुगम एवं आधुनिक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# नवनिर्वाचित विधायकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा कल, 18 मार्च 2025 से अपने नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को संसदीय प्रक्रिया, आचार संहिता और सुशासन की सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम सदन के सभागार में होगा। उद्घाटन सत्र में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे, जिनमें दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और नेता विपक्ष आतिशी शामिल होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से होगी। विधानसभा अध्यक्ष स्वागत भाषण देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष सभा को संबोधित करेंगे और विधायी दक्षता के महत्व को रेखांकित करेंगे। यह कार्यक्रम 19 मार्च 2025 को विधायी कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के संबोधन और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के समापन भाषण के साथ संपन्न होगा। यह पहल लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधि दिल्ली की जनता की सेवा करने के लिए और अधिक सक्षम बन सकें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दो दिवसीय कार्यक्रम विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा संचालित व्याख्यानों, पैनल चर्चाओं और संवादात्मक सत्रों से भरपूर होगा, जिसमें सुशासन, नीति निर्माण और विधायी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन सत्रों का आयोजन मुख्यमंत्री कार्यालय के निकट स्थित सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा।

### विधायकों की विधायी क्षमताओं को सुदृढ़ करने की एक महत्वपूर्ण पहल

कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह अभिविन्यास कार्यक्रम हमारे विधायकों की विधायी क्षमताओं को सुदृढ़ करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं, विधायी मसौदा तैयार करने और सार्थक बहसों की महत्ता को समझने में सहायता मिलेगी, जिससे वे विधानसभा में प्रभावी रूप से भाग ले सकें। संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान फॉर डेमोक्रेसीज (पीआरआईडीइ) के विशेषज्ञ नवनिर्वाचित विधायकों को संसदीय प्रक्रियाओं और नियमों पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। बताया गया कि प्राइड (पीआरआईडीई) लोकसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सांसदों, कर्मियों और अन्य संबंधित हितधारकों के लिए प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करता है।

## डीडीए की पीएम उदय योजना के सिंगल विंडो शिविर में रविवार को उमड़ी भीड़, अंतिम कैंप 31 को

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पीएम उदय के अंतर्गत चल रही सिंगल विंडो शिविर योजना में रविवार को भी लोगों की भीड़ लगी रही। अब यह योजना अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है, क्योंकि ये सिंगल विंडो कैंप 31 मार्च 2025 तक हर शनिवार और रविवार को आयोजित किए जा रहे है। डीडीए इन कैंपों में अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़े प्रपत्र प्रदान किए जा रहे है। डीडीए अधिकारी के अनुसार रविवार को केशव नगर, शिवपुरी भाग- दो दीनपुर नजफगढ़, महिपालपुर ब्लॉक ए एक्सटेंशन, मंडोली एक्सटेंशन हरिजन बस्ती, एफ2, ब्लॉक महावीर एन्क्लेव, प्रेस एन्क्लेव विकास नगर, शहीद भगत, सिंह नगर, माजरी कराला, घरोली एक्सटेंशन. बी-ब्लॉक, राजबीर कॉलोनी दिल्ली-92 एक्सटेंशन, अनाज मंडी बहादुरगढ़ रोड के पास नजफगढ़ और संगम विहार ब्लॉक-सी भाग-1 में सिंगल विंडो कैंप आयोजित किए गए। अधिकारी ने बताया कि इन कैंपों में अच्छी खासी संख्या में लोग पहुंचे जिनमें से दर्जनों ने अपनी संपत्ति के मालिकाना हक के लिए जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत किए। जबकि दूसरी तरफ कई लोगों को उनकी संपत्ति के मालिकाना हक के दस्तावेज सौंपे गए। यह योजना पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले लाखों लोगों के सिर पर लटकी तलवार को हटाने की दिशा में महत्वपूर्ण योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते है कि प्रत्येक अनधिकृत कॉलोनी में रहने वाले लोगों को दिल्ली आवास अधिकार योजना का फायदा मिलना चाहिए। इसलिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अगुवाई व दिशा निर्देश पर ऐसे कैंप गत वर्ष से आयोजित किए जा रहे है।

# कॉलेजों में की जाए लगभग 600 शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति

### हंसराज सुमन ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व शिक्षा मंत्री आशीष सूद को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के वित्त पोषित 28 कॉलेजों में प्रबंधन समिति ( गवर्निंग बॉडी) बनाने के लिए फोरम ऑफ एकेडमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व शिक्षा मंत्री आशीष सूद को पत्र लिखा है। पत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव/ कुलपति को नाम भेजने की मांग की है ताकि दिल्ली सरकार के 12 कॉलेजों में प्रबंध समिति बनने के बाद यहाँ पर भी शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जा सके। बता दें कि इन कॉलेजों में लगभग 600 शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की जानी है। दिल्ली सरकार अपने चार कॉलेज अदिति महाविद्यालय, भास्कराचार्य कॉलेज, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज व आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज ने शिक्षकों के पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी कर दिए हैं जबकि बाकी कॉलेजों ने अभी तक अपना रोस्टर पास नहीं कराया है, रोस्टर पास होने के बाद ही पदों को



विज्ञापित किया जाता है। डॉ. सुमन ने शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में यह भी मांग की दिल्ली सरकार अपने कॉलेजों में आरक्षण के हिसाब से एससी /एसटी व ओबीसी समुदाय के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व देते हुए एससी के 22, एसटी के 11 व ओबीसी के 49 सदस्यों को गवर्निंग बॉडी में उन्हें स्थान दिया जाए।

### दिल्ली देहात के कॉलेजों में ग्रामीण क्षेत्र के ही प्रतिनिधि भेजे जाए

पत्र में कहा है कि दिल्ली देहात के कॉलेजों में ग्रामीण क्षेत्र के ही प्रतिनिधि भेजे जाए क्योंकि देखने में आया है कि दिल्ली सरकार की ओर से जिन सदस्यों को भेजा जाता है उन्हें ग्रामीण परिवेश की कोई जानकारी नहीं होती। साथ ही शैक्षिक व गैर-शैक्षिक नियुक्तियों के समय गांवों के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है जबकि वे कॉलेज गाँव की जमीनों में बने हुए है और सरकार ने जमीन लेते समय ग्राम पंचायतों से कहा था कि छात्रों को प्रवेश, शिक्षक व कर्मियों को नियुक्तियों के समय प्रतिनिधित्व दिया जाएगा लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को कोई सम्मान नहीं दिया जाता। डॉ. सुमन ने शिक्षा मंत्री से यह भी मांग दोहराई है कि दिल्ली सरकार अपने वित्त पोषित 28 कॉलेजों में एससी, एसटी व ओबीसी समुदाय के लोगों के नाम भेजे ताकि सामाजिक न्याय का सिद्धांत पूर्ण हो और सभी वर्गों को समान भागीदारी मिल सकें।

# दिल्ली मेट्रो अब यात्रियों के साथ-साथ सामान भी ढोएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**कार्गो सेवाओं के लिए ब्लू डार्ट से मिलाया हाथ**




अब वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली मेट्रो यात्रियों के अलावा सामान (कार्गो) ढोने का कार्य भी करेगी। दिल्ली मेट्रो ने अपने नेटवर्क पर अर्बन फ्रेट (कार्गो) सेवाओं की शुरुआत करने के लिए भारत में अग्रणी एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सर्विस प्रोवाइडर ब्लू डार्ट के बीच शहरी लॉजिस्टिक्स सेवा के लिए हाथ मिलाया है। डीएमआरसी ने ब्लू डार्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया हैं। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अपनी तरह की यह पहली अभिनव पहल, पूरे दक्षिण एशिया प्रशांत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और अधिक टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधानों को बढ़ावा देगी। इसके अलावा डीएमआरसी और ब्लू डार्ट दोनों की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है। दयाल ने बताया कि इस समझौते के तहत, ब्लू डार्ट कम भीड़ भाड़ वाले घंटों के दौरान मेट्रो ट्रेनों के माध्यम से कार्गो परिवहन सेवा देंगे। ब्लू डार्ट समय-पर डिलीवरी व अधिक विश्वसनीय मूवमेंट सुनिश्चित करने के लिए मेट्रो की उपलब्ध क्षमता का भरपूर उपयोग करेगा। इस अभिनव समाधान से सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी, भीड़भाड़ कम होगी और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही, डीएमआरसी पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए अपने संसाधनों का अनुकूलन करेगी। दयाल के अनुसार मेट्रो प्रणालियां, वैश्विक स्तर पर स्थिरता को बढ़ावा देते हुए राजस्व उत्पन्न करने के लिए अपनी अतिरिक्त क्षमता का उपयोग करने के नए नए तरीके खोज रही हैं। उदाहरण के लिए, मेड्रिड मेट्रो ने मेट्रो ट्रेनों के माध्यम से पार्सल परिवहन के लिए लॉजिस्टिक्स पार्टनर के साथ मिलकर पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिससे सड़क यातायात और प्रदूषण में कमी आएगी।

उन्होंने बताया कि डीएमआरसी अर्बन फ्रेट ट्रांसपोर्टेशन की जानकारियों और श्रेष्ठ कार्य प्रक्रिया का आदान-प्रदान करने के लिए मेड्रिड मेट्रो के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। मेट्रो-सक्षम लॉजिस्टिक्स समाधानों और माइक्रो पार्सल हब के माध्यम से फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को एकीकृत करके यह परियोजना सड़कों पर होने वाली भीड़ भाड़ और शहरी प्रदूषण को कम करते हुए सप्लाई चेन की दक्षता को बढ़ाती है।

## भाजपा सामूहिक नेतृत्व से चलने वाली पार्टी : सचदेवा



**नई दिल्ली।** भाजपा सामूहिक नेतृत्व से चलने वाली पार्टी है और इसी से हम पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र भी सुनिश्चित करते हुए हर कार्यकर्ता को संगठनात्मक संरचना से जुड़ने का अवसर देते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली भाजपा की संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया जिसे हम संगठन पर्व के रूप में देखते हैं वह आगामी सप्ताह से प्रारम्भ होगी। इसके लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी ने दिल्ली के लिए महेंद्र नागपाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है और साथ ही दो सह चुनाव अधिकारी डॉ. योगेश आत्रेय एवं विजय सोलंकी को भी नियुक्त किया है। सचदेवा ने कहा है कि संगठनात्मक संरचना प्रक्रिया के अंतर्गत बूथ समिति, मंडल समिति, जिला समिति से होते हुए प्रदेश समिति तक का चुनाव अवसर दिया जाएगा, इसके साथ ही जहां कार्यकर्ता चाहेंगे वहां समन्वय से भी समिति गठन हो सकेगा।

# गुरुद्वारा बंगला साहिब में दस साल बाद हुई सरोवर की सफाई, भारी संख्या में संगत हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सिखों के धार्मिक स्थल गुरुद्वारा बंगला साहिब स्थित सरोवर की करीब दस साल बाद रविवार को एक बार फिर कार सेवा (सफाई) हुई। इस अवसर पर गुरुद्वारा बंगला साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी रणजीत सिंह ने अरदास की और फिर सेवा की शुरुआत हुई। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो सहित भारी संख्या में संगत ने सरोवर की कार सेवा में हिस्सा लिया। जानकारी अनुसार कमेटी ने लगभग 10 सालों के बाद गुरुद्वारा बंगला साहिब में सरोवर की सफाई की कार सेवा शुरू की है। यह सेवा बाबा बचन सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा सतनाम सिंह, बाबा रवि जी सहित समूची टीम द्वारा संगत के सहयोग से यह सेवा पूरी होगी। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे।

### बजट सत्र के दौरान पार्षद ने जोर शोर से उठाया मामला

# अवैध विज्ञापनों से निगम को हो रहा है करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन राजस्व अर्जित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को संचालित व लागू करता है लेकिन जिन स्रोतों से निगम प्रशासन को राजस्व की अधिक प्राप्ति हो सकती है, वहां निगम प्रशासन आंखू मूंदकर बैठा है या कहें कि खुलकर इंस्पेक्टर राज चल रहा है। बता दें कि गत 12 मार्च को सिविक सेंटर निगम मुख्यालय में बजट सत्र के दौरान भाजपा पार्षद नरेंद्र गिरसा ने निगम के विज्ञापन विभाग की कार्यशैली पर जमकर सवाल उठाए। उन्होंने बजट सत्र के दौरान महापौर और निगम की कार्यशैली पर निशाना साधते हुए कहा कि निगम को अवैध विज्ञापनों से प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये की राशि का नुकसान हो रहा है और निगम प्रशासन कुछ नहीं कर पा रहा है। दिल्ली में हर जगह दुकानों आदि पर नामी कंपनियों के बड़े बड़े विज्ञापन लगे हुए हैं जिनसे निगम को राजस्व प्राप्त हो सकता है लेकिन राजस्व कहीं अन्य जगह जा रहा है। बजट सत्र के बाद भाजपा पार्षद नरेंद्र गिरसा ने रविवार को बताया कि विज्ञापन विभाग की लापरवाही के चलते करीब 90 प्रतिशत राजस्व का नुकसान हो रहा है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान करीब 350 करोड़ रुपए अर्जित करने का लक्ष्य रखा है।

### फुटपाथों पर है अवैध यूनिपोल की भरमार

जब एक प्रश्न पर आरटीआई कार्यकर्ता ने पूछा कि दिल्ली में कितने यूनिपोल अवैध है। इसके जवाब में निगम प्रशासन ने कहा कि हमारे पास इसकी जानकारी नहीं है। वहीं दूसरी और नगर निगम कह रहा है कि हमने विज्ञापन होर्डिंग से संबंधित अलग-अलग जोन बनाए हैं। ताकि इन पर निगरानी रखी जा सके। प्रत्येक जोन में निगम ने अधिकारियों को लगाया है ताकि अवैध यूनिपोल गलत तरीके से ना लगे। लेकिन इसका कोई जवाब नगर निगम दिल्ली के पास नहीं है कि प्रत्येक जोन में कितने अवैध यूनिपोल लगे हैं। बताया गया कि फुटपाथों पर इनकी भरमार है। कई चौराहों पर तो जहां हॉर्न बजाना वर्जित है वहां यूनिपोल व पार्किंग की वजह से जाम लग जाता है।

### निगम के पास नहीं है कोई रिकॉर्ड

बता दें कि अवैध विज्ञापनों को लेकर निगम विज्ञापन विभाग प्रशासन पहले भी गंभीर नहीं था और अब भी गंभीर नहीं दिख रहा है। अवैध विज्ञापन मामले में विज्ञापन विभाग के उपायुक्त से कई बार जानकारी मांगी गई लेकिन कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, करीब दो साल पहले एक आरटीआई कार्यकर्ता ने खुलासा कर बताया था कि दिल्ली के अंदर जगह जगह अवैध तरीके से विज्ञापनों लगाया गया है और इनके चलते कोई भी अनहोनी हो सकती है। इसे देखते हुए ही दिल्ली नगर निगम से सवाल किए थे। लेकिन दिल्ली नगर निगम ने सवालों का संतोषजनक जवाब ही नहीं दिया और बताया गया कि सभी का जवाब दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का जवाब निगम प्रशासन ने दिया है, इसे तो पल्ला झाड़ना ही कह सकते हैं।

# दिल्ली सरकार के बजट 2025-26 के लिए ग्रामीणों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- स्मार्ट गांवों के निर्माण के लिए बजट का किया जाए प्रावधान

दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए ग्रामीणों ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तावित किए हैं। जिनका बजट में समुचित प्रावधान किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से निवेदन किया है। इन सुझावों से दिल्ली देहात के गांवों, गायों, गरीबों, ग्रामीणों, किसानों, युवाओं और पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा। दिल्ली पंचायत संघ ने कहा है कि स्मार्ट गांवों के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया जाए, प्रदूषण नियंत्रण के लिए वन क्षेत्र स्थापित किया जाए, वन्यजीवों और पक्षियों के लिए वृक्षारोपण एवं जल स्रोत का निर्माण किया जाए, खेल मैदानों का निर्माण किया जाए, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए, गौशालाओं की संख्या में वृद्धि की जाए, सरकारी सेवाओं में गांवों के युवाओं को 100 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए, साहिबी नदी को अतिक्रमण मुक्त एवं स्वच्छ किया जाए, कृषि भूमि का सर्किल रेट 10 करोड़ रुपए प्रति एकड़ किया जाए।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि गांवों में रोजगार सृजन के लिए बजट का प्रावधान किया जाए, सामुदायिक केंद्रों एवं चौपालों का पुनर्निर्माण, ग्रामीण इलाकों में पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाए, लाल डोरा से मुक्ति और ग्रामीणों को मालिकाना हक प्रदान किया जाए, गांवों के मुख्य द्वारों पर शिलालेख स्थापित किए जाएं, गांवों का लेआउट प्लान तैयार किया जाए, सरकारी दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद कराया जाए और सस्ती बिजली के लिए सोलर पैनल सब्सिडी की व्यवस्था की जाए।

## खबर संक्षेप

### आरोपी से देसी पिस्टल व कारतूस कराया बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने आरोपी करण निवासी गांव भांखरी फरीदाबाद को थाना डबुआ के वर्ष 2023 के लड़ाई झगड़ा व हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी से पता चला कि उसके पास एक अवैध पिस्टल व एक कारतूस है, जिसको उसने पाली के पहाड़ियों में झाड़ियां में छिपाकर रखा है।

### दुर्गा शक्ति की टीम ने 2 महिलाओं को घर छोड़ा



**फरीदाबाद।** दुर्गा शक्ति एनआईटी-3 की टीम ने रात्रि के समय 2 महिलाओं को ईआरवी से घर तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने बताया कि रात्रि के करीब 10.30 बजे ईआरवी टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान नीलम चौक के पास 2 महिलाए मिली। महिलाओं ने बताया कि वह आदर्श कॉलोनी एसजीएम नगर की रहने वाली है घर जाने के लिए ऑटो नहीं मिल रहा।

### बड़खल गांव के जंगल में मिला किशोर का शव



**फरीदाबाद।** गांव बड़खल में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जुम्मे की नमाज के बाद लापता हुए 15 वर्षीय फैजान का शव शनिवार सुबह जंगल में मिला। मृतक के चेहरे पर पत्थरों से वार किए गए थे और गले व छाती पर सुई के निशान पाए गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# फरीदाबाद: औद्योगिक नगरी में क्रिकेट का अर्ध कुंभ आज से शुरू

## 12 टीमें शिरकत करेगी, पहला फाइनल 1 अप्रैल को खेला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में आगामी 17 मार्च से क्रिकेट के अर्धकुंभ का आगाज होगा। भूपानी स्थित विजय यादव क्रिकेट अकादमी पर आयोजित होने वाले द्वितीय ऑल इंडिया रावल कप ओपन एज क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली एनसीआर की कुल 12 टीमें शिरकत करेगी। इस आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेट कीपर विजय यादव ने बताया कि 12 टीमों को 4 पूल में डिवाइड किया गया है तथा प्रत्येक टीम अपने पूल में दो-दो मैच खेलेगी।

टूर्नामेंट का प्रथम सेमीफाइनल 1 अप्रैल को खेला जाएगा तथा सेकंड सेमीफाइनल 3 अप्रैल को खेला जाएगा व फाईनल पांच अप्रैल को होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट के संदर्भ में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान रावल एजुकेशन के संस्थान के वाईस चेयरमैन अनिल रावल, निदेशक अनिल प्रताप सिंह व कोच अनिकेत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

**खास बातें**

- विनर को एक लाख की ईनामी राशि दी जाएगी
- क्रिकेट टीम को 4 पूल में डिवाइड किया गया है
- उपविजतेता को 50 हजार रुपए की राशि दी जाएगी




### मैन ऑफ दा सीरिज को 5-5 हजार रुपए दिए जाएंगे

*टूर्नामेंट के अधिकांश मैच विजय यादव क्रिकेट अकाडमी पर खेले जाएगें तथा कुछ मैच स्लैज हैमर क्रिकेट अकाडमी पर खेले जाएगें। टूर्नामेंट के विनर को एक लाख की ईनामी राशि दी जाएगी तथा उपविजेता को 50 हजार ईनाम राशि दी जाएगी। बेस्ट बेंटस मेन, बेस्ट बालर, मैन ऑफ दा सीरिज को पांच-पांच हजार की ईनाम राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सितम्बर माह में राष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट किया जाएगा।*

## भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत के तत्वावधान में मेरठ प्रांत की नई कार्यकारिणी घोषित

# संगठन का मुख्य उद्देश्य चीन से कैलाश मानसरोवर और तिब्बत को मुक्त कराना है: महामंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

*कार्यक्रम में मेरठ प्रांत की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई तथा मेरठ प्रांत के अंतर्गत सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष व पदाधिकारी की भी घोषणा की गई, प्रांत अध्यक्ष संदीप चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने का सुझाव दिया।*

भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत की संगठन के विस्तार को लेकर एक बैठक अग्रसेन भवन लोहिया नगर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मेरठ प्रांत की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई तथा मेरठ प्रांत के अंतर्गत सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष व पदाधिकारी की भी घोषणा की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहत कार्य करने वाले संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत जिसमें मुख्य वक्ता मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल रहे। पंकज गोयल ने बताया कि संगठन की स्थापना 5 मई 1999 को धर्मशाला में की गई। संगठन का मुख्य उद्देश्य चीन से कैलाश मानसरोवर और तिब्बत को मुक्त कराना है। हमें यह विचार जन-जन तक पहुंचाना है। पंकज गोयल ने कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ता इसी तरह से कार्य करते रहे तो बहुत जल्दी हम श्रीराम मंदिर की तरह कैलाश मानसरोवर को भी चीन के कब्जे से मुक्त होता देखेंगे।



### दिशा-निर्देशों के अनुसार काम करते रहे

*भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिल्ली प्रांत के प्रभारी जय कमल अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन का स्वरूप एवं अनुशासन के विषय में जानकारी दी। सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह संगठन को आगे बढ़ाएं और दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार काम करते रहे। क्षेत्रीय सहसंयोजक कपिल त्यागी ने कहा कि जल्दी ही सभी घोषित जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी अपने अपने जिलों में संगठन का कार्य आगे बढ़ाएंगे और संगठन का विस्तार करेंगे। प्रांत अध्यक्ष संदीप चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने का सुझाव दिया।*

**यह लोग उपस्थित रहे**

अंत में कार्यक्रम आयोजक डॉ कैलाश नाथ सिंघल ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता का आभार प्रकट किया। बैठक में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिल्ली प्रांत के प्रभारी एडवोकेट जय कमल अग्रवाल, महिला विभाग अध्यक्ष रेखा गुप्ता, कार्यक्रम आयोजक डॉ कैलाश नाथ सिंघल, क्षेत्रीय सहसंयोजक कपिल त्यागी, मेरठ प्रांत अध्यक्ष संदीप चौधरी मंच पर उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रांत महामंत्री जयराज ने किया। भारत तिब्बत सेवक मंच मेरठ प्रांत के अंतर्गत समस्त जिला मेरठ, हापुड़, बागपत, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर गौतम बुद्ध नगर आदि सभी के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

## युवा नेता को कमान मिलने से युवाओं में दिख रहा है जोश



# गोयल महानगर तो चैन पाल सिंह बने गाजियाबाद जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लंबे समय से चल रही उठापटक के बीच आखिर भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को गाजियाबाद के महानगर व जिलाध्यक्ष के नामों की घोषणा कर दी। मयंक गोयल को जहां महानगर अध्यक्ष बनाया गया है वही चेनपाल सिंह पहाड़ी वालों को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक फार्म हाउस में दोनों के नाम की घोषणा की गई। मयंक गोयल की गिनती भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में होती है उनका परिवार संघ से जुड़ा हुआ है उनके दादा लाल बनवारी लाल संघ के पदाधिकारी रहे हैं इसके बाद इसके बाद उनके पिता महेश गोयल संघ से जुड़े रहे हैं। उनकी माता दिवंगत दमयंती गोयल गाजियाबाद के प्रथम महिला महापौर रही है। मयंक गोयल का परिवार संघ से जुड़ा रहा है जिसका लाभ उन्हें मिला है, साथ ही युवा होने के कारण भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके ऊपर भरोसा जताया है।

# सात दिवसीय शिविर में महानुभावों का सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में पन्हैड़ा कलां के परशुराम भवन (ब्राह्मण चौपाल) पर में चल रहे सात दिवसीय योग चिकित्सा शिविर का सफल समापन हो गया। योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने सात दिनों में ग्रामीण जनों को योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान व योग निद्रा जैसी विभिन्न यौगिक क्रियाओं को कराया तथा उनके लाभ बताए। समापन पर ग्यारह कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि यज्ञ किया गया जिसका सम्पादन योगाचार्य जयपाल शास्त्री व संत अत्री जी महाराज ने कराया तथा हवन का महत्त्व समझाया। ग्रामीण जनों ने पगड़ी और श्रीराम लला का चित्र भेंटकर योगाचार्य जयपाल शास्त्री व अन्य अतिथि महानुभावों का सम्मान किया।

इस अवसर पर पार्षद संदीप शर्मा व संत अत्री महाराज ने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत कर योग के कार्यों में हमेशा सहयोग देने कि बात कही। शिविर व्यवस्थापक रघु शास्त्री ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। योग शिविर के सफल आयोजन में रघु शास्त्री, अनिल कपूर, रिंकू मल्होत्रा, रामचरन चौधरी, सन्नी मुदगिल, वीरेंद्र शर्मा, ब्लॉक मैम्बर ओमकार, जगदीश, रामकुमार, धर्मवीर, राजीव, राहुल, महेश दुधिया, दीपक वत्स, किशन चन्द, कर्मवीर, महेश दुधिया, राजीव, कर्मवीर शर्मा, भीम, भवीचन्द, नानकचन्द, चौधरी रणधीर, चेतन, ओमप्रकाश, विजय व छोटे-छोटे बच्चों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# हमारा स्वास्थ्य ही संसार में सबसे बड़ा धन होता है: अजय गौड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हमारा स्वास्थ्य ही संसार में सबसे बड़ा धन होता है। अगर स्वास्थ्य ठीक नही है तो करोडो की धन-माया भी बेकार है। यह बात मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड ने सेक्टर-15 में स्वास्थयम मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक के उद्घाटन पर फीता काटने के उपरांत मौजूद लोगों से कही।

इस मौके पर क्लिनिक के संस्थापक डॉ. अश्वनी यादव, डॉ. साहिल शर्मा, डॉ. रेखा यादव, डॉ. पंकज यादव, डॉ. रूचिका मंगला, डॉ. रोहित गर्ग, डॉ. ओककार, करण सिंह, सैनिक कालोनी के पूर्व प्रधान राकेश धुन्ना, पूर्व आईपीएस रमेश पाल, एस.एन शर्मा उद्योगपति, नीरज दलाल एक्सईएन, के.सी शर्मा, सुरेन्द्र पाल, जयकिशन पूर्व पुलिस अधिकारी, मुनेश शर्मा, शोभित अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजदू थे। इस अवसर पर अजय गौड ने कहा कि ये हर इंसान की चाहत होती है कि उसके जीवन में हर खुशी हो कोई गम ना हो लेकिन जीवन में खुशियो का आनंद लेने के लिए शरीर का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। ईश्वर ने यदि हमें रोग रूपी दुरू दिए हैं तो उनसे बचने के हमे साधन भी दिए है। जिनमें से एक है स्वास्थयम मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक। डॉ. अश्वनी यादव और डॉ. साहिल शर्मा ने बताया कि इस क्लीनिक की शुरूआत जनकल्याण की भावना से की गई है। जो मरीज गरीब है या जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनका इस क्लीनिक में अनुभवी डाक्टरों द्वारा बेहतर ईलाज किया जाएगा।

**अनुभवी डाक्टरों द्वारा बेहतर ईलाज किया जाएगा**

## दो कंपनी कर्मियों को बस ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिलासपुर थाना क्षेत्र में कंपनी में ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने कमरे की ओर जा रहे दो युवकों को निजी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने निजी बस चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के वाराणसी निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह फ्लिपकार्ट कंपनी में नौकरी करता है। बीते शुक्रवार की रात लगभग 9.30 बजे ड्यूटी करके अपने दोस्त पथरेड़ी निवासी रिंकू कुमार के साथ कमरे पर जा रहा था। जब दोनों जिंदल कंपनी के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। रिंकू कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी। चालक बस को लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने मनोज कुमार को एक निजी अस्पताल और रिंकू कुमार को सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। रिंकू कुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरु कर दी है।

## 732 शिकायतों का किया निस्तारण

# साइबर पुलिस ने 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर तीस लाख अस्सी हजार रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों ने इस सप्ताह 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 से 14 मार्च तक साइबर पुलिस की टीमों ने 6 मुकदमों को सुलझाते हुए 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 2, साइबर थाना सेंट्रल के 4 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 30,80,000 रुपए बरामद किए हैं तथा 732 शिकायतों का निस्तारण कर 10,07,170 रुपए रिफंड कराए हैं, इसके अतिरिक्त 2,15,313 रुपए खातों में फ्रिज कराए गये हैं।

गिरफ्तार आरोपी में अनिल पांडेय, संदीप, प्रेम कुमार, विवेक, त्रिलोक चंद शर्मा, रवि, रिषभ, तरुण, नितेश कुमार, निधी, चंद्रकला, रजत सिंह, मोहमद जैद, मोहमद हाशिम, निखिल सिंह व नितिन सिंह के नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा है कि साइबर फ्रॉड के मामले में पाया गया है कि साइबर फ्रॉड का कारण लोगों के द्वारा लालच दिखाना व जागरूक न होना है।



### ऑनलाइन ऑफर के हकावे में न आए

*उन्होंने आगे कहा कि अनजान नंबर से आने वाली कॉल को बिल्कुल न उठाएं, पुलिस कर्मचारी, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बनकर कोई धमकी दे तो डरे नहीं, वह साइबर ठग हो सकता है, इस प्रकार अधिकारी बनकर आप पर कोई दबाव डालता है तो इसकी जानकारी अपने परिजनों, करीबी व पुलिस को दें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, किसी अनजान के कहने पर रकम ट्रांसफर न करें, अपनी किसी प्रकार की निजी जानकारी सांझा न करें।*

## 1006 दिन से अनिश्चित कालीन आंदोलन पर हैं

# पशुपालन विभाग के वीएलडीए एवं खंड पशुधन विस्तार अधिकारी ने लंबित मांगों को लेकर मंत्री नागर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पशुपालन विभाग के वीएलडीए एवं खंड पशुधन विस्तार अधिकारी की लंबित मांगों को लेकर खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा मंत्री राजेश नागर को ज्ञापन देकर उनसे विधानसभा सेशन में पशु चिकित्सा एवं पशुधन विकास सहायक और खंड पशुधन विस्तार अधिकारियों की सरकार द्वारा स्वीकृत मांगों की अधिसूचना जारी करवाने के लिए आवाज उठाने की मांग की गई।

ज्ञापन देते हुए डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह व सदस्य राजबेल देशवाल ने बताया की पशुपालन विभाग के वीएलडीए कर्मचारी एवं खंड पशुधन विस्तार अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर पंचकूला में पिछले 1006 दिन से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं हरियाणा सरकार ने मांगे स्वीकृत कर रखी हैं लेकिन विभाग के अधिकारी नोटिफिकेशन मैं बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है तथा कर्मचारियों को भी परेशानी हो रही है इसलिए डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन ने आंदोलन को तेज करते हुए 17 मार्च से 22 मार्च तक 48 घंटे की भूख हड़ताल तथा 23 मार्च को पूरे प्रदेश के कर्मचारियों का विरोध धरना पंचकूला में करने का सरकार को नोटिस भेजा है।



कर्मचारियों की मुख्य मांग वीएलडीए का पद नाम बदलकर वेटरनरी लाइव स्टॉक एक्सटेंशन ऑफिसर करना, खंड पशुधन विस्तार अधिकारी को राजपत्रित घोषित करना, डिप्लोमा वेटरिनरी काउंसिल का गठन करना आदि मांगे शामिल है। ज्ञापन सौंप कर वीएलडीए एवं खंड पशुधन विस्तार अधिकारियों की मांगों को हल करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में खंड पशुधन विस्तार अधिकारी भीष्म कुमार, महेंद्र सिंह, ओमवीर रावत आदि कर्मचारी शामिल रहे।

## दोनों भाई गंभीर रूप से घायल

# मंदिर की धर्मशाला पर कब्जे के विवाद में 50 से ज्यादा लोगों ने दो भाइयों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में छोटी माता मंदिर की धर्मशाला से कब्जा हटाने की रंजिश रखते हुए करीब 50 लोगों ने दो भाइयों पर लाठी-डंडे व रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला गत 13 मार्च की देर शाम का है। जब शिकायतकर्ता व उसका भाई माता मंदिर के बाहर हिकाई-छुटाई के ठेके का काम देख रहे थे। तभी अचानक लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाई घायल हो गए। हालांकि बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। विकास कांगड़ा निवासी गुरुग्राम गांव नजदीक छोटी माता मंदिर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई विशाल दोनों छोटी माता मंदिर के पास हिकाई-छुटाई ठेका लेते है और गत 13 मार्च की शाम को वहीं खड़े थे।

रंजिश के चलते उन्होंने 5 मार्च को सेक्टर-5 थाना पुलिस को एक शिकायत दे रखी थी जिसमें संजय, राजेश, चंद्रभान, जगदीश, ओमबीर आदि से जान-माल का खतरा बताया था। 13 मार्च की शाम करीब 6 बज अपने साथ 50 लोगों के साथ आकर विकास कांगड़ा व विशाल पर हमला कर दिया। इस हमले में संजय व उसके तीनों लड़के सूरजभान, राहुल, जोगिंद्र, नवीन, राहुल उर्फ नानू, अभिषेक उर्फ अर्जुन, अनिल, देवीलाल, शिवा, बाबुल, दीपक आदि ने उन्हें बुरी तरह पीटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया। विकास कांगड़ा ने बताया कि उन्होंने धर्मशाला व मंदिर से विरोधी गुट का कब्जा हटाकर किराया फिक्स कराया।

## घरेलू कलह के चलते दंपती ने जहरीला पदार्थ निगला, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-50 एरिया में घरेलू कलह के चलते एक दंपती ने जहरीला पदार्थ निगलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-50 एरिया के जल विहार कॉलोनी में 48 वर्षीय सुंदर ठाकरान अपने परिवार सहित रहता था। वह ईको वैन चलाकर अपने परिवार का जीवन-यापन कर रहा था। सुंदर की पत्नी 45 वर्षीया सरोज ठाकरान घरेलू महिला थी। इनके दो बेटे व एक पौत्र भी है। सुंदर व सरोज के बीच शनिवार को दिन में कलह हो गया। घरेलू कलह के चलते दोनों ने ताव में आकर घर में रखी सल्फॉस की गोलियां निगल ली। हालत बिगड़ने पर दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां देर साय दोनों ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए।

## नवाचार को बढ़ावा मिलेगा

# सैफायरइंगोट्स, वेफर्स और 6जी टेलीकॉम डाई से घरेलू उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने आईएसपीईसी 2025 में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए जरूरी सैफायरइंगोट, सैफायरवेफर, और 6जी टेलीकॉम डाई जैसे उत्पाद पेश किए। इस बारे में पॉलिमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ और प्रबंध निदेशक ईश्वर राव नंदम ने कहा कि हमारे सैपफायरइंगोट, सैपफायरवेफर और 6जी टेलिकॉमडाई के लॉन्च के साथ, हम वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रंखला में भारत की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं, और राष्ट्र को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रहे हैं। जैसे ही हम इस ट्रिलियन-डॉलर भविष्य की ओर बढ़ते हैं, हमारा ध्यान नवाचार, सहयोग और एक विश्व-स्तरीय सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर बना रहता है, जो भारत को वैश्विक नेतृत्व में ले जाएगा। ईसीएमग्रीनटेक के महाप्रबंधक अनीस जौइनी ने कहा, सैफायरइंगोट, सैफायरवेफर, और 6जी टेलिकॉमडाई का लॉन्च पॉलिमेटेक की सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। नवीनतम निर्माण और पैकेजिंग क्षमताओं का लाभ उठाकर, हम नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, आयात पर निर्भरता को कम कर रहे हैं और भारत को दुनिया भर में महत्वपूर्ण उद्योगों के लिए उच्च प्रदर्शन सेमीकंडक्टर समाधानों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

**भारत की भूमिका को मजबूत करना**

## खबर संक्षेप

### 17 मार्च से गेहूं खरीद, 48 घंटे के अंदर होगा भुगतान



**लखनऊ।** यूपी में 17 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। 6500 केंद्रों पर यह 15 जून तक चलेगी। इस बार समर्थन मूल्य पिछली बार से 150 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाकर 2425 रुपए प्रति कुंतल रखा गया है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुंतल था। सीएम योगी ने खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए समुचित व्यवस्था करने की बात कही।

### संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का काम शुरू



**संभल।** जामा मस्जिद में रविवार की सुबह रंगाई-पुताई का काम शुरू हो गया है। मजदूरों ने संभल जामा मस्जिद की दीवारों पर पुताई का काम शुरू कर दिया है। एएसआई की टीम के साथ कमेटी के लोग मौजूद हैं। सफेदी करने का काम जिस व्यक्ति को सौंपा गया है, उसका कहना है- 'कुल आठ लोग काम पर हैं, हम एक सप्ताह के भीतर काम पूरा कर देंगे। हमें केवल मस्जिद की सफेदी करने का निर्देश दिया गया है'। हमें एएसआई द्वारा यह काम सौंपा गया है।

### बिहार में मां-बेटी की हत्या आरोपी बाप-बेटा काबू



**सासाराम।** यहां रोहतास में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। मां-बेटी की बेरहमी से गला घोंट कर हत्या कर दी गयी। दोनों की काफी पिटाई की गई। आरोपियों ने हत्या को करंट से मौत बताकर बड़ी साजिश रची थी जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया। हत्या करने वाले कोई और नहीं बल्कि मृत महिला का पति और उसका छोटा बेटा ही है। पुलिस के मुताबिक दोनों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है।

# उत्तर प्रदेश के 13 धार्मिक मार्गों का होगा कायाकल्प शासन ने 76.84 करोड़ की धनराशि पर लगाई मुहर

स्वीकृत मार्गों में पीलीभीत स्थित प्राचीन देव स्थल व सरोवर लिलहर मार्ग पर 4.70 करोड़ खर्च किए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश में धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्गों के कायाकल्प करने की योजना पर लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू कर दिया है। योजना के तहत 13 मार्गों के कायाकल्प की स्वीकृति शासन ने दी है। 76.84 करोड़ रुपए खर्च करके इन मार्गों का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इनमें चित्रकूट व उन्नाव के दो-दो मार्ग शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग की धार्मिक मार्गों को दुरुस्त करने की योजना के तहत 74 मार्गों को चिह्नित किया गया है।

इनमें से 13 मार्गों को चौड़ा करने व उनके सौंदर्यीकरण की स्वीकृति शासन ने दी है। स्वीकृत मार्गों में पीलीभीत में स्थित प्राचीन देव स्थल व सरोवर लिलहर मार्ग पर 4.70 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



### चित्रकूट में लक्ष्मण पहाड़ी मार्ग पर खर्च होंगे 2.26 करोड़ रुपए

*चित्रकूट के खोही से लक्ष्मण पहाड़ी मार्ग पर 2.26 करोड़ व शिवरामपुर खोही से मप्र की सीमा पर स्थित पीली कोठी को जाने वाले मार्ग पर 94 लाख,सोनभद्र में स्थित गोठानी शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग को दो लेन में 2.93 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वहीं अमेठी के मुसाफिरखाना में स्थित महावीरन मंदिर को जाने वाले मार्ग के सौंदर्यीकरण पर 1.90 करोड़ और उन्नाव के राजाराव बक्श सिंह मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृड़ीकारण पर 3.58 करोड़ , यहीं के मौरावा उन्नाव मार्ग से बिल्लेश्वर मंदिर संपर्क मार्ग को चौड़ा करने पर 4.64 करोड़ व हाथरस में स्थित तारागढ़ मंदिर मार्ग को चौड़ा करने पर 2.38 करोड़ खर्च की जाएगी।*

### मेंढक मंदिर के मार्ग को दुरुस्त करने में खर्च होंगे 3.80 करोड़

*लखीमपुर के मेंढक मंदिर को जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करने पर 3.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ओयल कस्बे में स्थित इस मंदिर में मेंढक की पीठ पर भगवान शिव विराजमान हैं। वहीं देवरिया के भटनी बाजार जलपा माता मंदिर मार्ग पर 1.16 करोड़ रुपये, बरेली के रामनगर किला व थीम पार्क के संपर्क मार्ग पर 1.04 करोड़ रुपए व बदायूं में कछला गंगाघाट से कासगंज को जाने वाले मार्ग पर करीब 45 लाख रुपये खर्च होंगे। मथुरा के सादाबाद से ब्रह्माण्ड घाट मार्ग को सात से 10 मीटर में चौड़ा किया जाएगा। इस मार्ग को चौड़ा करने पर 47.06 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।*

सीएम योगी ने भाजपा के नवनियुक्तअध्यक्षों को दी बधाई

# भाजपा ने यूपी के 72 जिलों में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के नामों का किया एलान

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा ने रविवार को प्रदेश के 72 संगठनात्मक जिलों के नवनियुक्त जिला एवं महानगर अध्यक्ष की सूची जारी कर दी है। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ सभी को उज्वल कार्यकाल के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के सभी नवनियुक्त जिला एवं महानगर अध्यक्ष गण को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे और उत्तर प्रदेश में मा. प्रधानमंत्री जी के सुरक्षा एवं सुशासन के अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। सभी को उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं! भाजपा ने दो महीने की मशक्कत के बाद पदाधिकारियो की सूची जारी है। पदाधिकारियों की नियुक्ति में जातीय समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया है।

इसके जरिए सपा के पीडीए फॉर्मूले को मात देने की कोशिश की गई है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से विजय मौर्य को भाजपा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। सर्वोदय नगर पारस इन होटल में राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा, चुनाव अधिकारी डॉ. रमापति राम त्रिपाठी और पर्यवेक्षक रजनीश महेश्वरी ने नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। हालांकि नामांकन करने वाले कई उम्मीदवार इस प्रक्रिया से बाहर दिखे। किसी तरीके का कोई भी विवाद नहीं हुआ। महानगर अध्यक्ष पर आनंद द्विवेदी के नाम की घोषणा की गई। इटावा में जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी द्वारा पार्टी कार्यालय पर इसकी घोषणा की गई।

*मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के सभी नवनियुक्त जिला एवं महानगर अध्यक्ष गण को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे और उत्तर प्रदेश में मा. प्रधानमंत्री जी के सुरक्षा एवं सुशासन के अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।*



### रामपुर में हरीश गंगवार अध्यक्ष

*उन्होंने जिला कार्यालय पर महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता अन्नू के जिलाध्यक्ष बनने की घोषणा की। इसी तरह रामपुर जिले में पार्टी ने हरीश गंगवार को नया जिलाध्यक्ष घोषित किया है। वहीं फिरोजाबाद से सतीश दिवाकर बने भाजपा महानगर अध्यक्ष। आगरा से राजकुमार गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष बने। ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर हुई घोषणा। प्रशांत पौनिया को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। कन्नौज से वीर सिंह भदौरिया फिर बने भाजपा जिलाध्यक्ष जिला चुनाव अधिकारी कामेश्वर सिंह और राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जिलाध्यक्ष पद की घोषणा की।*

### कानपुर देहात से रेणुका सचान बनीं भाजपा जिलाध्यक्ष

कानपुर देहात से भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान जिलाध्यक्ष बनीं हैं। जिले में पहली बार महिला चेहरे को जिम्मेदारी मिली है। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष पद की घोषणा हुई। चुनाव अधिकारी पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने उनके नाम की घोषणा की और बधाई दी। वहीं भाजपा निर्वाचन अधिकारी रामबाबू हरित ने पार्टी कार्यालय में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में हुए वर्तमान उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी को भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की।

### महिलाओं की हिस्सेदारी 7%

*उत्तर प्रदेश में भाजपा ने 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इसमें महिलाओं की महज सात फीसदी हिस्सेदारी है। लेकिन, इसमें एक दिलचस्प बात यह है कि इस बार भाजपा ने एक नया दांव खेला है।*

### लगातार दूसरी बार निर्भय पांडेय बने जिलाध्यक्ष

मथुरा से भाजपा ने जातिगत समीकरणों को साधते हुए संगठन में एक बार फिर ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग का दांव खेला। निर्भय पांडेय को लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष की कुर्सी मिल गई। वहीं महानगर अध्यक्ष राजू यादव को बनाया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक अनिल चौधरी, जिला चुनाव अधिकारी नवाब सिंह नागर और महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा की मौजूदगी में ये घोषणा की गई।

राजद ने नफरत की राजनीति बताया

# तेज प्रताप के इशारे पर नाचने वाले सिपाही लाइन हाजिर

*तेज प्रताप ने गाना गाया और दीपक को नाचने के लिए कहा*



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने होली पर अपने सुरक्षाकर्मी को वर्दी में नाचने के लिए कहा। इसका वीडियो वायरल होने पर पटना पुलिस ने उस सुरक्षाकर्मी को हटा दिया और लाइन हाजिर कर दिया है।

तेज प्रताप यादव पर भाजपा ने हमला बोला है, उन्होंने इसे भाजपा की नफरत की राजनीति बता दिया है।

### डांस करो नहीं तो सस्पेंड हो जाओगे

*दरअसल, होली के दिन तेज प्रताप यादव के घर पर एक कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मी दीपक कुमार को नाचने के लिए कहा। दीपक वर्दी में थे। तेज प्रताप ने गाना गाया और दीपक को उस पर नाचने के लिए कहा। उन्होंने धमकी भी दी कि अगर नहीं नाचे तो उन्हें निलंबित करवा देंगे। इस पूरे वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।*

### तेज प्रताप की सुरक्षा से हटे दीपक कुमार

*पटना पुलिस ने इस पर संज्ञान लेते हुए दीपक कुमार को तेज प्रताप की सुरक्षा से हटा दिया है। उन्हें लाइन हाजिर भी कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। वीडियो में तेज प्रताप यादव अपने बॉडीगार्ड दीपक कुमार को वर्दी में नाचने के लिए कहते दिख रहे हैं। इसलिए दीपक को लाइन हाजिर कर दिया गया है।*

### गिरिराज बोले-वो सोचते हैं उनके मां-बाप का राज है



केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से भाजपा पी सांसद गिरिराज सिंह ने निशाना साधा है। उन्होने कहा कि लालू के लाडले को लगता है कि उनके माता पिता और भाई ही राजकाज चलाने वाले हैं। अब वो ये मानसिकता छोड़ दें। जनता ने लालू परिवार को नकार दिया है।

# बिहार में कानून का राज, एक दिन भी नहीं लगा कर्फ्यू

एजेंसी ▶▶ दरभंगा

बिहार में हाल ही में हुई पुलिसकर्मियों की हत्या को लेकर विपक्ष जहां नीतीश सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर हमला बोल रहा है। वहीं, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने विपक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज है, यही वजह है कि बीते 20 वर्षों में एक दिन के लिए भी कर्फ्यू लगाने की नौबत नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक, संजय झा शनिवार को दरभंगा के मनोकामना मंदिर परिसर में एक हिंदी फिल्म की शूटिंग के उद्घाटन समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में दरभंगा, अररिया और मुंगेर में पुलिसकर्मियों की हत्या पर दुख जताया, लेकिन साथ ही बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए विपक्ष पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं, लेकिन फर्क यह है कि बिहार पुलिस तुरंत एक्शन में आती है। दोनों घटनाओं में आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आप लोग पत्रकार हैं, जरा यह भी देखिए कि वे गिरफ्तार कौन लोग हैं। इससे बहुत कुछ साफ हो जाएगा।

### फिल्म शूटिंग से जुड़ा भविष्य और मिथिला की संभावनाएं

इस मौके पर संजय झा ने दरभंगा में हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मुंबई से कलाकार और निर्माता अब बिहार आकर फिल्में बना रहे हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि बिहार की कानून-व्यवस्था पहले से कहीं बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि कभी लोग बिहार आने से डरते थे, लेकिन अब यहां फिल्मों की शूटिंग हो रही है। यह मिथिला क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में मिथिला में एक फिल्म सिटी की स्थापना की जाएगी, जिससे फिल्म उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। फिल्म शूटिंग से जुड़े लोगों के लिए सरकार द्वारा लाई गई योजनाओं का भी उन्होंने जिक्र किया और बताया कि सरकार इस क्षेत्र को लेकर गंभीर है। फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों ने भी दरभंगा में शूटिंग को लेकर खुशी जताई और कहा कि बिहार अब बदल रहा है। यहां संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और पारंपरिक विरासत का अनूठा संगम है।

अलग-अलग मिले सिर और हाथ-पैर

# कत्ल के बाद बर्बरता से किशोर की लाश के कर दिए 6 टुकड़े

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

जिले के न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिथरा में रंजिश को लेकर किशोर का अपहरण कर हत्या कर दी गई। शुक्रवार को छह टुकड़ों में उसका शव बोरे में बंद मिला। पुलिस ने शनिवार को नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त बांका और एक बाइक भी बरामद की गई है।

तीनों को जेल भेज दिया गया। रामबहादुर का पुत्र पूरनलाल उर्फ सागर (16) 10 मार्च की रात 11 बजे घर से कुछ दूरी पर झोंपड़ी में सो रहे पिता को देखने गया था। इसके बाद वह लापता हो गया। कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने 12 मार्च को न्यूरिया थाने में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। 14 मार्च को दोपहर 12 बजे न्यूरिया के मंडरिया



गांव स्थित रोहतनिया पुल के नीचे उसका शव बोरे में बंद मिला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ने भी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पिता राम बहादुर ने रंजिश का जिक्र करते हुए गांव के बॉबी, शुभम उर्फ शिवम व अमरिया क्षेत्र के कैमोर गांव निवासी प्रमोद के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पूर्व में दर्ज मुकदमे को हत्या में तरमीम कर आरोपियों को नामजद किया। शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया।

एक-एक कर ब्लास्ट हुए कई सिलेंडर

# देवघर में लगी भीषण आग दर्जनों दुकानें जलकर खाक

एजेंसी ▶▶ देवघर

जिले के जसीडीह–चकाई मुख्य पथ पर अवस्थित अस्थाई बस पड़ाव के पास देर रात भीषण आग लग जाने से दर्जन भर से ज्यादा अस्थाई दुकानें जलकर खाक हो गई। आग से लाखों की संपत्ति भी जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि झोपड़ी की शक्ल में बने होटल और दुकानों में रखे गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

आग इतनी भयानक थी कि दुकान संचालक, परिवारजन और कर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। बताया जाता है कि होली पर्व के कारण बाजार बंद था, जिससे किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की जानकारी



मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अहले सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो खाक हो चुकी संपत्ति देखकर मायूस हो गए। बताया जाता है कि होली के पर्व को लेकर लगभग सभी झोपड़पट्टी वाली दुकाने बंद थीं जबकि दो होटल संचालक अंदर सोए थे। उस दौरान लगी आग की लपटें देख होटल छोड़कर सबों ने अपनी जान बचाई।

## पेज एक का शेष

### मैंने उन्हें शपथ समारोह...

है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक संगठन की शुरुआत की। उनके देश भर में करीब 25 हजार स्कूल चलते हैं, एक समय में 30 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते हैं। वामपंथियों द्वारा प्रचारित श्रमिक आंदोलन दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ। का नारा लगाते हैं, जबकि आरएसएस का श्रमिक संगठन मजदूरों, दुनिया को एक करो। का नारा लगाता है। वहीं, लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने अपनी आलोचनाओं पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं आलोचना का स्वागत करता हूं, मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है।

### भारत के विदेशी...

हुई सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग चार महीने तक गिरावट रही और हाल ही में यह 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिसमें कुछ सप्ताह बढ़त और कुछ सप्ताह गिरावट देखी गई। इससे पहले बीते साल सितंबर में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने अभी तक के सबसे उच्च स्तर 704.89 अरब डॉलर के आंकड़े को छुआ था, लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट रही और फिलहाल यह अपने उस उच्चतम स्तर से सात प्रतिशत नीचे है।

### 74 अरब डॉलर...

(एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 557.282 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में सोने का भंडार 74.325 अरब अमेरिकी डॉलर है। अनुमान के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 10-11 महीने के अनुमानित आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 अरब डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। 2024 में, भंडार में 20 अरब डॉलर से थोड़ा ज़्यादा की वृद्धि हुई।

### शमी की बेटी ने ...

सांसद इमरान मसूद ने होली खेली तो उलमा भड़क गए। उनका कहना है कि यह इस्लामी शिक्षा के खिलाफ है। उलमा ने मसूद को अल्लाह से तौबा करने की नसीहत दी है। वहीं मसूद का कहना है कि उन्होंने रंगों में जहर घोलने वालों को जवाब दिया है। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब सभी धर्मों के त्योहारों को एक साथ मनाने का संदेश देती है। हिंदू व मुसलमान सदियों से मिलजुलकर भाई के समान सुख-दुख के साथी रहते आए हैं। हिंदू अगर राम है तो मुसलमान भरत।

### 1000किमी प्रति ...

सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने 15 मार्च को आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हाइपरलूप प्रोजेक्ट के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट टेक्नोलॉजी चेन्नई स्थित 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री' में डेवलप की जाएगी।

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैष्णव ने आईआईटी मद्रास परिसर में अपने दौरे का एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि एशिया में सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब (410 मीटर) जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी होगी। हाइपरलूप को परिवहन का पांचवा तरीका माना जाता है। यह एक हाई-स्पीड ट्रेन है जो लगभग वैक्यूम ट्यूब में ट्रैवल करती है। लो एयर रेजिस्टेंस ट्यूब के अंदर कैप्सूल को 1,000 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति तक पहुंचने में मदद मिलती है। रेल मंत्रालय ने मई, 2022 में हाइपरलूप परिवहन प्रणाली और इसकी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से विकसित और मान्य करने के लिए आईआईटी मद्रास को 8.34 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी थी।

### इस हफ्ते के ...

अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के पास अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। यह अंतरिक्ष यात्री फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए क्रू-10 मिशन ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से पहुंचा है। यात्रियों के पहुंचते ही फाल्कन 9 रॉकेट की डॉकिंग सफल तरीके से हुई। इसके बाद हेच खुला और अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बंच विल्मोर से मिले। सुनीता अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति रखे हुए हैं। वे इस मूर्ति को लकी मानती हैं।

**सप्ताह के अंत तक लौटने की उम्मीद:** क्रू-10 सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के पास पहुंच तो गया है, लेकिन अब कुछ दिन तक अंतरिक्ष यात्री स्टेशन के बारे में और जानकारी इकट्ठा करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस हफ्ते के अंत तक सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस एक्स कैप्सूल के जरिए अन्य साथियों के साथ धरती के लिए रवाना होंगे। नासा ने यह भी कहा है कि यदि मौसम सही रहा तो स्पेस कैप्सूल को बुधवार (19 मार्च, 2025) से पहले स्पेस स्टेशन से अलग करके फ्लोरिडा के तट पर लैंड कराया जाएगा।

### दो अमेरिकी व दो...

और निकोल आयर्स हैं, जापान के अंतरिक्ष यात्री तुकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव हैं।

गगनयान और ड्रोन प्रोजेक्ट के बारे में हुआ बड़ा खुलासा

# 10 माह से आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था रविंद्र

एजेंसी ▶▶ फिरोजाबाद

पाकिस्तान खुफिया एजेंट को 10 महीने से गोपनीय सूचनाएं भेजने वाला हजरतपुर ऑर्डनेंस इक्विपमेंट फैक्टरी (ओईएफ) के एक कर्मचारी को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी के पास से पाकिस्तान एजेंट को भेजे गए गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए हैं। एटीएस की टीम उसने क्या-क्या गोपनीय जानकारी एवं दस्तावेज भेजे हैं, इसकी जानकारी कर रही है। इधर, ओईएफ में कर्मचारी की गिरफ्तारी से हड़कंप मचा हुआ है। आगरा के थाना सदर के अंतर्गत बुंदू कटारा 37/46 ई निवासी रविंद्र कुमार 2006 से ऑर्डनेंस व जून 2009 से ऑर्डनेंस फैक्ट्री हजरतपुर में चार्जमैन पद पर कार्यरत था। यूपी एटीएस को सूचना मिली की हजरतपुर ऑर्डनेंस फैक्ट्री में तैनात रविंद्र कुमार फेसबुक पर दोस्त बनीं एक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी की एजेंट को संवेदनशील व गोपनीय जानकारियां भेज रहा है।



*आरोपी से आईएसआई को भेजे गए गोपनीय दस्तावेज बरामद*

**आरोपी ने गोपनीय जानकारी देने की बात स्वीकार की**

यूपी एटीएस की टीम ने उसे आगरा स्थित उसके आवास से हिरासत में ले लिया। इसके साथ ही 13 मार्च को आरोपी से पूछताछ के लिए लखनऊ ले जाया गया। पूछताछ में आरोपी रविंद्र कुमार ने पाकिस्तान खुफिया एजेंसी को भेजी गई गोपनीय जानकारियां देने की बात स्वीकार की। यूपी एटीएस ने आरोपी द्वारा भेजी गईं पाकिस्तान को गोपनीय जानकारी से अवगत कराने के बाद उसके खिलाफ शासकीय गोपनीय अधिनियम 1923 की धारा 148 बीएनएस के तहत लखनऊ में मुकदमा दर्ज करने के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रविंद्र ने पूछताछ में बताया कि वह मालामाल होने के लालच में ऑर्डनेंस फैक्ट्री की गोपनीय जानकारियां भेजता था। उसने पूछताछ में यह भी बताया कि अक्सर दोनों के बीच बातें खत्म होने के बाद चैट को फोन से डिलीट कर देता था। मामले में ओईएफ का कोई भी अधिकारी फोन रिसीव नहीं कर रहे।



# ‘सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी’ की पूरी हुई शूटिंग

**मुंबई।** शशांक खेतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म ‘सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी’ वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अदाकारी की है। यह फिल्म इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 12 सितंबर को बड़े पर्दे पर आएगी। ‘सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी’ शशांक खेतान की पिछली फिल्मों जैसे ‘हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया’ और इसके सीक्वल ‘बद्रीनाथ की दुल्हनिया’ की तर्ज पर एक रोमांटिक ड्रामा होगी। इससे पहले, जब टीम ने वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत एक रोमांटिक फिल्म का ऐलान किया था, तो अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेत्री आलिया भट्ट की जगह लेंगी।

लाइफ Style



# अनुष्का

## अंग्रेजी गाने पर किया जबरदस्त डांस

अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह यहां अक्सर अपनी बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उनके फैंस इसे खूब लाइक करते हैं और कमेंट करते हैं। इसी कड़ी में अनुष्का सेन ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल से अपनी एक वीडियो शेयर की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वीडियो में वह डांस कर रही हैं। वीडियो काफी वायरल हो रही है। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर की है उसमें वह डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का ने बेहतरीन मूव्स दिखाए हैं। वह डांस करते हुए चेहरे से बेहतरीन एक्स्प्रेशन दे रही हैं और काफी खुश लग रही हैं। उन्होंन स्लीवलेस सफेद टी शर्ट पहनी है और काली कार्गो पैंट पहनी है और अपने बाल खुले छोड़े हैं। अनुष्का अंग्रेजी गाने पर अपने मूव्स दिखा रहे हैं। अनुष्का ने ये वीडियो किसी पार्क में बनाई है। अनुष्का ने इसी वीडियो को अपनी स्टोरी पर भी लगाया है। अनुष्का की वीडियो को यूजर्स खूब लाइक कर रहे हैं। अनुष्का की वीडियो पर तीन घंटे में 11 लाख से ज्यादा व्यूज्ज आ चुके हैं। वीडियो पर फैंस दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है ‘अनु हम इसे बहुत याद कर रहे हैं।’ एक दूसरे फैन ने लिखा है ‘आप जादूगर हो।’ एक और यूजर ने लिखा है ‘काले और सफेद में आप बहुत अच्छी लग रही हो।’ अनुष्का सेन 22 साल की खूबसूरत एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। सबसे पहले अनुष्का साल 2009 में ‘यहां मैं घर घर खेली’ सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह ‘बालवीर’ से मशहूर हो गईं।

## हॉलीवुड मसाला




# बीबी व बेटे संग बसाएंगे नई दुनिया

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इंडिया में भी फेमस हैं। यहां पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। वो अपने गानों से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। बीते दिनों उनकी आर्थिक स्थिति और बीवी हैली बीबर संग तलाक को लेकर खूब अफवाह उड़ी थी। अब बताया जा रहा है कि जस्टिन और हैली दोनों ही यूएस छोड़कर बाहर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। कपल ने पर्सनल लाइफ और तलाक की अफवाहों के बारे में लगातार हो रही चर्चा से बचने के लिए हॉलीवुड लाइफ छोड़ने का फैसला किया है।



# ‘लिलो एंड स्टिच’ का शानदार ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘लिलो एंड स्टिच’ का लाइव-एक्शन संस्करण 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म की रिलीज में अभी कुछ महीने बाकी हैं। इस बीच निर्माताओं ने इसका पहला आधिकारिक ट्रेलर जारी कर फैंस के बीच उत्साह जगा दिया है। पहले यह फिल्म डिज्नी+ पर आने वाली थी, लेकिन अब इसे बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को मिल रही शुरुआती प्रतिक्रियाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्मों में अपनी एक खास जगह पक्की कर सकती है। दो मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत कमांडर के एक डायलॉग से होती है, जिसमें वह स्टिच को ‘खतरनाक प्रयोग’ करार देता है। इसके बाद शुरू होता है रोमांच और हंगामे का सिलसिला।



# दमकते चेहरे संग साझा किया वीडियो...

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने दो साल पहले अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी की। हाल ही में इस जोड़े ने फैंस को खबर दी कि इनके घर एक नन्हा मेहमान आने वाला है। कियारा, सिद्धार्थ के घर बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। कियारा के फैंस यह खबर पाकर काफी खुश हुए। हाल ही में कियारा ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया, जिसमें उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिख रहा है। कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन एक छोटा सा वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें एक कैप्शन भी कियारा ने लिखा है। वह लिखती हैं- ‘संडे ग्लो’। लेकिन यह संडे ग्लो से ज्यादा प्रेग्नेंसी ग्लो लग रहा है, जो कियारा के चेहरे पर नजर आ रहा है। वह वीडियो में काफी खुश दिख रही हैं। कियारा और सिद्धार्थ ने माता-पिता बनने की जानकारी सोशल मीडिया पर ही दी।



# ‘पुष्पा-3’ की रिलीज डेट से उठा पर्दा

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2 द रूल’ ने भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म ‘पुष्पाः द राइज’ का सीक्वल थी, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब ‘पुष्पा 3’ को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। ब्लॉकबस्टर एक्शन ड्रामा ‘पुष्पा 3’ की तीसरी किस्त आ रही है। ‘रॉबिनहुड’ के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता रविशंकर ने पुष्पा 3 पर अपडेट साझा करते हुए इसकी रिलीज का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ‘पुष्पा 3’ 2028 में रिलीज होगी। यह अपडेट ‘पुष्पा 2ः द रूल’ की सफलता के बाद आया है, जिसने दुनिया भर में 1,650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

## टीवी मसाला



# राघव पर लगा है अनुज की हत्या का आरोप ...

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड कई बड़े ट्विस्ट लेकर आने वाला है। दरअसल, रुपाली गांगुली स्टारर शो में होली का महाएपिसोड आने वाला है। जहां हर कोई एक-दूसरे के रंग में रंगकर इस मौके को सेलिब्रेट कर रहा होगा, वहीं वसुंधरा कोठारी अनुपमा के बारे में पूछेगी कि अनुपमा जी क्यों नहीं आई हैं? तब लीला उन्हें बताएगी कि एक ऑर्डर के सिलसिले में वह काम से गई है। अनुपमा असल में सेंट्रल जेल गई होगी क्योंकि उसे होली पर कैदियों के लिए खास खाना डिलीवर करना होगा। अनुपमा जब जेल में पहुंचेगी तो सभी कैदी जेल में गुलाल उड़ाते फिर रहे होंगे और तभी वह अपने ठीक सामने राघव को खड़ा पाएगी। राघव और अनुपमा के बीच से एक शख्स लाल रंग का गुलाल उड़ाते हुए निकल जाएगा जो कि दोनों पर गिरेगा। अपने ऊपर यह लाल गुलाल देखते ही राघव जोर-जोर से चीखने लगेगा कि मैंने खून नहीं किया है। यह देखकर अनुपमा सन्न रह जाएगी और सोचने लगेगी कि आखिर राघव का अतीत क्या है। सोशल मीडिया गॉसिप्स की मानें तो शायद राघव वो शख्स है जिस पर अंकुश ने अनुज की मौत का इल्जाम मढ़ दिया है। कुछ फैंस यह भी कयास लगा रहे हैं कि राघव का वनराज शाह के साथ कोई कनेक्शन निकलकर आ सकता है। शाह और कोठारी परिवार जहां साथ में होली मना रहे होंगे वहीं इस मौके पर एक तगड़ा धमाका और होगा। राही और प्रेम को पता चलेगा कि इंस्टीट्यूट ने उन्हें लेटर भेजा था। प्रेम को यह बात इंस्टीट्यूट में बात करने पर पता चलेगी और अब जब मोटी बा की करतूत उनके सामने आने ही वाली है, तो हर किसी की नजर इस बात पर होगी कि राही और प्रेम के इस बारे में बात करने पर वसुंधरा का रिएक्शन कैसा होगा।

## नशे में को-एक्टर ने जबरदस्ती लगाया रंग बोला- देखूंगा कि तुझे कौन बचाएगा...

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री में होली का जश्न धूमधाम से मनाया गया। सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए जहां अलग-अलग सेलेब्स को साथ में जश्न मनाते देखा गया है। जश्न के इस माहौल के बीच इंडस्ट्री से एक हैरान करने वाली खबर। एक 29 साल की टीवी एक्ट्रेस ने आरोप लगाया है कि उनके को-स्टार ने होली पार्टी में नशे में उनके साथ छेड़छाड़ की। उन्होंने कहा कि नशे में उस को-स्टार ने एक्ट्रेस को गलत तरीके से छुआ। एक्ट्रेस ने को-स्टार के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज करा दी है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये घटना मुंबई के एक वेस्टर्न सबअर्ब्स होली पार्टी में हुई। उसने जबरदस्ती मुझे पकड़ा और मेरे चेहरे पर रंग लगा दिया और कहा आई लव यू और मैं देखूंगा कि तुझे कौन बचाता है।



# ‘सिकंदर’ के सेट पर सलमान ने बच्चों के साथ खेली होली...

**मुंबई।** सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘सिकंदर’ के लिए कमर कस रहे हैं। बीते दिन छोटी होली के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर जारी हुआ था। वहीं, अब भाईजान होली के रंगों में रंगे नजर आए। अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच सलमान खान ने ने फिल्म ‘सिकंदर’ के सेट पर बच्चों के साथ होली मनाने के लिए ब्रेक लिया। जश्न की कुछ तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। युवा अभिनेत्री अदीबा हुसैन ने इंस्टाग्राम पर सलमान के साथ होली मनाने की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों में सलमान बच्चों से घिरे हुए दिखाई दे रहे हैं। सभी रंगों में सराबोर हैं और त्यौहार का आनंद ले रहे हैं।



उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, ‘सबसे रंगीन होली। प्यार के रंग बिखेरें।’ प्रशंसकों ने सलमान के गर्मजोशी भरे हाव-भाव की प्रशंसा की और साथ ही फिल्म के लिए उत्साह भी व्यक्त किया। बाद में सलमान को अपनी सिक्योरिटी टीम के साथ डबिंग स्टूडियो से बाहर निकलते हुए देखा गया। ग्रे-सफेद टी-शर्ट और ग्रे पैंट पहने हुए अभिनेता ने बाहर खड़े पैपराजी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। बीते दिन सलमान ने ‘सिकंदर’ का एक दिलचस्प पोस्टर भी जारी किया था। नए लुक को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा था, “हैप्पी होली, मिलते हैं ईद पर।

# बॉलीवुड की इन हीरोइन के साथ हुए धर्मेंद्र के अफेयर के चर्चे ...



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र ने 1960 में आई फिल्म ‘दिल भी तेरा हम भी तेरे’ से इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म से एक्टर को वो पहचान तो नहीं मिली, लेकिन एक्टर के गुड लुक्स और दबंग पर्सनालिटी की चर्चा खूब हुई। इस दौरान एक्टर की लव लाइफ भी सुर्ख़ियों में बनी रही। धर्मेंद्र जब फिल्मों में आए थे तो शादीशुदा थे। एक्टर की शादी प्रकाश कौर से हुई जिनसे उन्हें चार बच्चे भी हैं। लेकिन इसके बाद भी उनका नाम कई हीरोइनों के साथ जुड़ा।



**मीना कुमारी :** मीना कुमारी गुजरे जमाने की सबसे पॉपुलर हीरोइन हुआ करती थीं। वहीं उस समय धर्मेंद्र इंडस्ट्री में अपने पैर जमा रहे थे। इस दौरान दोनों ने फिल्म पूर्णिमा में साथ काम किया। इस फिल्म के बाद मीना कुमारी की दुनिया बदल गई थी। उन्हें पंजाब के धर्मेंद्र से प्यार हो गया था। धर्मेंद्र के नजदीक आने की वजह मीना कुमारी की खराब शादी भी मानी गई। लेकिन ये रिश्ता लंबे समय तक नहीं चल सका। धर्मेंद्र को पॉपुलैरिटी मिली और उन्होंने अपने रास्ते अलग कर लिए।



**राखी :** उस समय की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धर्मेंद्र और राखी की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट थी। दोनों ने कुछेक फिल्मों में साथ काम किया। ऐसा बताया जाता है कि दोनों के बीच दोस्ती से ज्यादा रिश्ता था। हालांकि, बाद में ये खबर झूठी निकली।

**हेमा मालिनी :** धर्मेंद्र और हेमा मालिनी के प्यार के चर्चे तो उनकी हर एक फिल्म के सेट पर होते थे। दोनों की तस्वीरें उस समय के अख़बारों और मैगजीन में छपती थीं। हेमा मालिनी का परिवार शादीशुदा धर्मेंद्र से रिश्ता जोड़ने के खिलाफ था।



बाद में दोनों ने परिवार के खिलाफ जाकर अपने रिश्ते को नाम दे दिया और शादी कर ली। धर्मेंद्र की पहली पत्नी प्रकाश कौर ने इस शादी का विरोध किया था।

**अनीता राज :** धर्मेंद्र और एक्ट्रेस अनीता राज ने फिल्म ‘नौकर बीवी का’ नाम की फिल्म की थी। ऐसी खबरें थीं कि फिल्म की शूटिंग के दौरान अनीता और धर्मेंद्र के बीच नजदीकियां बढ़ गई थी। दोनों के रोमांस के चर्चे अखबारों और मैगजीन में छपते थे। ऐसी खबरें थीं कि हेमा मालिनी की चेतावनी के बाद इनके दोनों अलग हुए।



## कभी गैंगस्टर बने, कभी हॉरर फिल्म में दर्शकों को डराया

# कॉमेडी से हटकर कई किरदारों में छा गए राजपाल यादव



**नई दिल्ली।** राजपाल यादव का नाम सुनते ही दर्शकों के मन में उनकी हास्य कलाकार की छवि उभरने लगती है। लेकिन, कॉमेडी से हटकर भी राजपाल यादव ने कई किरदार किए हैं। वह कभी गैंगस्टर बने, कभी उन्होंने हॉरर फिल्म में दर्शकों को डराया।

**अंडर ट्रायल :** साल 2007 में अजीज खान निर्देशित फिल्म ‘अंडर ट्रायल’में राजपाल यादव ने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया, जिस पर अपनी ही बेटियों के रेप का आरोप है। ये आरोप पूरी तरह से झूठे होते हैं। फिल्म में राजपाल यादव का अभिनय कमाल का रहा। कोर्ट सीन्स में जिस तरह वह संवाद बोलते हैं, वह दर्शकों को प्रभावित कर देता है। इस फिल्म में राजपाल यादव के अभिनय को समीक्षकों ने भी सराहा था।

**अर्ध :** ‘अर्ध(2022)’ नाम की एक फिल्म जिसे पलाश मुंछाल ने निर्देशित किया था, इसमें राजपाल यादव ने बॉलीवुड में संघर्ष करने वाले एक कलाकार का रोल किया है। वह अपना परिवार चलाने के लिए मुंबई की सड़कों पर एक किन्नर बनकर पैसे भी मांगता है। फिल्म में राजपाल यादव ने एक कलाकार के संघर्ष और किन्नरों के प्रति लोगों का कैसा बर्ताव होता है, इन बातों को अपने अभिनय के जरिए दर्शकों के सामने लाने का बेहतरीन प्रयास किया।

**डरना मना है :** साल 2003 में एक हॉरर फिल्म रिलीज हुई ‘डरना मना है’। इसमें छह अलग-अलग छोटी-छोटी कहानियां दिखाई गईं। एक कहानी में राजपाल यादव और शिल्पा शेट्टी भी नजर आए। राजपाल ने इसमें एक सेब बेचने वाले व्यक्ति का रोल किया। कहानी में राजपाल यादव दर्शकों को डराने में पूरी तरह से कामयाब रहे। इस डरावनी कहानी को अगर दर्शक देखेंगे, तो राजपाल यादव के अभिनय के जरूर कायल हो जाएंगे। यह फिल्म रामगोपाल वर्मा के प्रोडक्शन हाउस तले बनी थी।

**जंगल :** राजपाल यादव ने अपने करियर के शुरुआती दौर में राम गोपाल वर्मा की फिल्म ‘जंगल(2000)’ में एक छोटा सा किरदार किया। फिल्म में अभिनेता ने सिप्पा की भूमिका की। यह एक नकारात्मक किरदार था, जिसमें राजपाल यादव छा गए। फिल्म में बोले गए उनके कई डायलॉग काफी हिट हुए। फिल्म में उर्मिला मातोंडकर और फरदीन खान जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए।

**अपूर्वा :** साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म ‘अपूर्वा’ में राजपाल यादव ने एक विलेन का किरदार किया। इसमें वह जुगनू नाम के गैंगस्टर बने हैं। एक बार तो इस किरदार में दर्शकों के लिए राजपाल यादव को पहचानना मुश्किल हो गया। अभिनेता का अभिनय देखकर भी दर्शक दंग रह गए।

**मैं, मेरी पत्नी और वो :** साल 2005 में एक फिल्म ‘मै मेरी पत्नी और वो’ रिलीज हुई। इसमें रितुपर्णा सेनगुप्ता ने राजपाल यादव की पत्नी की भूमिका निभाई। फिल्म की कहानी में राजपाल ने ऐसे व्यक्ति का किरदार किया, जो अपने छोटे कद के कारण असुरक्षा से घिरा रहता है। इस वजह से वह अपना खुशहाल घर बर्बाद करने के कगार पर पहुंचा देता है। फिल्म में राजपाल यादव का किरदार पूरी तरह से गंभीर, संजीदा किस्म का था।

**इन फिल्मों में निभाए लीक से हटकर किरदार :** मैं माधुरी दीक्षित बनना चाहती हूं: इस फिल्म में अंतर माली ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म में राजपाल यादव ने चुटकी (अंतरा माली) के दोस्त राजा का किरदार किया। वह छुटकी से शादी करता है ताकि मुंबई ले जाकर उसके कलाकार बनने के सपने को पूरा कर सके। यह फिल्म कॉमेडी, ड्रामा थी लेकिन इसमें कुछ ऐसे सीन्स भी हैं, जिसमें राजपाल यादव दर्शकों को रुलाने में कामयाब होते हैं। फिल्म को चंदन अरोड़ा ने निर्देशित किया और राम गोपाल वर्मा इसके निर्माता रहे।

***काम चालू है :*** *साल 2024 में पलाश मुंछाल निर्देशित फिल्म में राजपाल यादव ने एक पिता की भूमिका की, जिसकी बेटी की एक सड़क हादसे में मौत हो जाती है। यह मौत प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा थी। आगे वह कोशिश करता है, दूसरे बच्चों के साथ ऐसा ना हो। इसके लिए राजपाल यादव के किरदार मनोज पाटिल को लंबा संघर्ष करना पड़ता है। फिल्म की कहानी और राजपाल का अभिनय दर्शकों की आंखें नम कर देता है।*

***हैलो हम लल्लन बोल रहे हैं :*** *इस फिल्म में राजपाल यादव ने एक सुरक्षा गार्ड का रोल किया। जो मुंबई में रहता है। इसमें लल्लन (राजपाल यादव) के अपने प्यार को पाने का संघर्ष का है। फिल्म को दिलीप शुक्ला ने निर्देशित किया था। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई।*

***बैनी एंड बबलू :*** *फिल्म ‘बैनी और बबलू (2010)’ में राजपाल यादव ने वेटर बबलू का रोल किया है, जो लेडीज बार में काम करता है। अपनी नौकरी के दौरान बबलू कई चीजें देखता है, जो उसका जिंदगी को लेकर नजरिया बदल देती है। इस फिल्म में के.के मेनन ने बैनी का रोल किया। फिल्म के निर्देशक युनुस सजवाल थे।*

3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात में बोले सीएम

# 'अब विमानन प्रशिक्षण का नया हब बनने जा रहा जशपुर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के आगडीह हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स के अनुभव सुने और जशपुर में पहली बार शुरू हुए विमान उड़ान प्रशिक्षण को एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि जशपुर अब केवल पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र नहीं, बल्कि विमानन प्रशिक्षण का नया हब भी बन रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। अब युवा पायलट बनने का भी सपना साकार कर सकते हैं, जिसके लिए सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन किया और उसकी तकनीकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



कैडेट्स को जशपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जाए, ताकि वे जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर में काजू, चाय पत्ती, नाशपाती और सेब की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है, जिससे यहां की कृषि को नया आयाम मिला है।

### कैडेट्स में दिखा अपार उत्साह

*जशपुर जिले में 7 मार्च 2025 से कैडेटों को सुबह विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान विमान आकाश में उड़ान भरने के बाद सुरक्षित लैंड करता है, जिससे कैडेट्स को व्यावहारिक अनुभव मिलता है। रायपुर से बाहर पहली बार जशपुर जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे कैडेट्स में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। यहां सिंगल इंजन ट्विन-सीटर वायरस एसडब्ल्यू-80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ सकता है। हालांकि, फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1,000 फीट की ऊंचाई तक ही उड़ान संचालित की जा रही है। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि एनसीसी एयर विंग के 'सी' सर्टिफिकेट में उच्च ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले कैडेट्स सीधे एयरफोर्स इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं, जिससे यह प्रशिक्षण उनके सुनहरे भविष्य की नींव रखता है।*

### प्रशिक्षण के लिए वातावरण उपयुक्त

*प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया कि जशपुर का स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण उड़ान प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने कहा, मेरा सपना एयरफोर्स पायलट बनने का है, और यह प्रशिक्षण मुझे उस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। प्रांशु चौहान ने बताया कि जशपुर में एयर ट्रैफिक साफ-सुथरा रहता है, जिससे उड़ान में कोई बाधा नहीं आती। रनवे भी पूरी तरह से क्लियर रहता है, जिससे प्रशिक्षण बिना किसी रुकावट के संचालित हो रहा है। सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजीअंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।*

---

विधानसभा में नई परंपराएं और व्यवस्था स्थापित करने के लिए विस अध्यक्ष तोमर का सीएम डॉ. यादव ने माना आभार

# पर्यटकों की संख्या वर्ष 2003 में 64 लाख 2025 में बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण पर विधानसभा में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप अपनी बात रखकर विपक्ष का मत सुनते और उसका उपयुक्त



उत्तर देते हुए मप्र विधानसभा की व्यवस्था संचालित हो रही है।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का विधानसभा में नई परम्पराएं और व्यवस्था स्थापित करने के लिए आभार मानते हुए कहा कि बदलते दौर में समय के महत्व को पहचानते हुए व्यवस्थाओं में बदलाव आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण नए लक्षण और रणनीतियों को समाहित करते हुए मध्य प्रदेश के उज्वल भविष्य का रोडमैप है। यह हमारे समय के महान विभूतियों की विचार दृष्टि को समाहित करता है। अभिभाषण में महात्मा गांधी की विश्व दृष्टि, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास दृष्टि का समावेश है।

### फिल्म शूटिंग हब बना प्रदेश

*पर्यटन नीति से प्रदेश फिल्म शूटिंग हब भी बन रहा मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि बेहतरीन फिल्म पर्यटन नीति से प्रदेश फिल्म शूटिंग हब भी बन रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने हेलीकॉप्टर और हवाई सेवा शुरू की गई है। प्रदेश में होम-स्टे को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन के लिए भी हेली सेवा का संचालन आरंभ किया गया है।*

## राज्यपाल के अभिभाषण में महात्मा गांधी की विश्व दृष्टि, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास दृष्टि का समावेश: मुख्यमंत्री

- मप्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेलीकॉप्टर और हवाई सेवा शुरू
- भोपाल और इंदौर मेट्रोपोलेटिन शहर घोषित किए जाएंगे
- अभिभाषण मप्र के उज्जवल भविष्य का रोडमैप



### रातापानी 8वां और माधव टाइगर रिजर्व 9वां टाइगर रिजर्व बना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटकों की संख्या 2002-03 में 64 लाख थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हुई है। पीएमश्री पर्यटन युवा सेवा का शुभारंभ कर इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा, सिंगरौली, उज्जैन एवं खजुराहो के मध्य सेवा का संचालन किया जा रहा है। मप्र टाइगर स्टेट और चीता स्टेट बनने के बाद लेपर्ड स्टेट बना है। भोपाल का रातापानी 8वां और माधव टाइगर रिजर्व 9वां टाइगर रिजर्व बना है। प्रदेश में चीतों की संख्या भी बढ़ी है। मप्र आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और वन्य जीव पर्यटन का त्रिवेणी संगम बन गया है।*

### प्रति व्यक्ति ऊर्जा की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से ज्यादा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। नवकरणीय ऊर्जा प्रदाय में मप्र का स्थान देश में 8वां है। गत 12 वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन 14 गुना बढ़ा है। मप्र बिजली की अधिकतम मांग 18 हजार 913 मेगावाट की थी, जो इतिहास मे सर्वाधिक थी। राज्य में इसकी आपूर्ति अपने दम पर की गई। खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक पर आधारित मानव चैक गेटस स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है।

**मध्य प्रदेश में विकास की संभावनाओं को गति मिलेगी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में केंद्र के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश में विकास की संभावनाओं को गति मिलेगी। रीवा में प्रदेश के छठे विमान तल का संचालन शुरू हो गया है। शीघ्र ही दतिया और सतना में भी विमान तल सेवाएं उपलब्ध होंगी। 18 हजार 36 करोड़ की लागत से बनने वाली इंदौर-मनमाड़ रेल लेन लाइन से धार, बड़वानी, खरगोन आदि जिलों में विकास के दरवाजे खुलेंगे।

### प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे बनेंगे

हेलीपेड का उपयोग खेल मैदान के रूप में भी किया जा सकेगा। प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी होगा, इसके अंतर्गत नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस वे, मालवा-निमाड़ एक्सप्रेस वे, बुंदेलखण्ड विकास पथ, मध्यभारत विकास पथ और अटल पथ का निर्माण होगा। इंदौर और भोपाल के बीआरटीएस के संबंध में राज्य सरकार की ओर से निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार विकास के लिए इस तरह के निर्णय लेने में पीछे नहीं हटेगी। मप्र भारत का चौथा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। प्रदेश में परिवहन सेवा आरंभ होगी।

### इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और इंदौर मेट्रोपोलेटिन शहर घोषित किए जाएंगे। इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। प्रदेश में स्वच्छता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू करने के लिए जिलों में प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश की उपलब्धि का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 18 हजार 565 गांव, 19 हजार 378 किमी लंबी सड़कों से बारहमासी मार्गों से जुड़े। हर ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए जा रह हैं। प्रदेश की 1100 से अधिक पंचायतों में अटल ग्राम सेवा सदन शुरू किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मप्र में लक्ष्य के विपरित लगभग 74 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

---

लैलूंगा क्षेत्र की घटना, सिर पर चोट के निशान

## तालाब किनारे युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में मची सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तालाब किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। उक्त मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनेकेला निवासी फागुलाल राठिया 35 साल की लाश रविवार को भेड़मिड़ा रोड में तालाब के पास मिली। जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि



मृतक फागुलाल राठिया के सिर में चोट के निशान हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने मिलकर फागुलाल राठिया की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में लैलूंगा पुलिस का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वाटरफॉल में डूबे युवकों का अब नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर और ओडिशा सीमा से लगे गुल्मी वाटरफॉल में शनिवार की दोपहर पिकनिक मनाने गए दो युवक नदी में डूब गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के साथ ही परिजन को भी सूचना दी गई।

जहां सभी मौके पर पहुंच गए। युवकों को डूबे 20 घंटे के लगभग हो गए, लेकिन युवकों का कोई भी पता नहीं चल पाया है। वहीं लगातार एसडीआरएफ की टीम युवकों की खोजबीन कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए कोटपाड़ थाना प्रभारी परमानंद ने बताया कि जगदलपुर शहर के कुम्हारपारा निवासी 13 लोग, जिसमें युवक, युवतियां दोनों शामिल थी। ऑटो और मिनी ऑटो से पिकनिक मनाने के लिए गुलमी आये हुए थे। ये सभी लोग कुम्हारपारा के संजना कैटरिंग के स्टाफ बताए जा रहे है। पिकनिक मनाने के बाद सभी लोग नहाने के लिए पानी में उतर गए, जहां गहरे पानी में एक युवक डूब गया।

---

वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक-पुलिसकर्मी

## 112 वाहन पर असामाजिक तत्वों ने फेंके पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बीती रात इवेंट पर जा रही 112 के वाहन पर असमाजिक तत्वों ने छुपकर पथराव कर दिया। जहां इस पथराव में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही बालको पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए पथराव करने वाले लोगों को पकड़ने का प्रयास किया।

लेकिन अंधेरे में झाड़ियों में छूपने के कारण पुलिस को देखकर मौके से सभी फरार हो गए। बताया जा रहा है कि देर रात चेक पोस्ट लाल घाट में बालको इवेंट नंबर केआरबी/11 को सूचना मिली कि बालको चेक पोस्ट लाल घाट आने जाने वाले लोगों का रास्ता रोका जा रहा है। वहीं बीच सड़क पर पत्थर रखकर आने जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है। इस सूचना पर जब 112 की टीम मौके पर पहुंची। तो इस दौरान असामाजिक



तत्व झाड़ियों में छुपे हुए थे। जहां 112 के पहुंचते ही उस पर पथराव शुरू कर दिया। वहां पर चालक और एक पुलिस कर्मी ही थे। जहां किसी तरह उन्होंने खुद को पहले बचाया। उसके बाद इसकी सूचना तत्काल बालको थाना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि बीच सड़क पर रखे बड़े-बड़े पत्थरों को चालक और पुलिसकर्मी जब हटाने गए। तब उन पर भी पथराव किया गया। जहां चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे।

### अचानक हुई वारदात से डरे-सहमे थे लोग

*रात के अंधेरे में झाड़ियों में छुपकर अलग-अलग जगह से हो रही थी। पत्थर की वर्षा से राहगीर काफी परेशान थे। वह डरे सहमे हुए थे। राहगीरों की माने तो रात लगभग 12.39 की घटना है। जहां लोग रास्ते से गुजर रहे थे। पहले तो उन पर पथराव किया गया। जहां किसी तरह बाइक सवार डर के भाग गए। जब सड़क पर पत्थर रखा गया। जिससे आने जाने वाले लोग रुकते थे। इस दौरान आस पास झाड़ियों से लगातार पथराव हो रहा था। इस घटना के बाद कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही रुक गई। लोग से पथराव की जानकारी मिल गई।*

---

हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय

## दो से अधिक संतान पर बर्खास्तगी का आदेश स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने आयुक्त लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी मैहर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। याचिकाकर्ता रीवा निवासी नसीर खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मैहर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च 2000 को जारी परिपत्र के आधार पर याचिकाकर्ता को छह मार्च, 2025 को सेवामुक्त कर दिया गया। इस परिपत्र में लिखा है कि कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। इस परिपत्र में उम्मीदवार लिखा है, जबकि याचिकाकर्ता 1998 से नौकरी में पदस्थ था। बहस के दौरान हाई कोर्ट के पूर्व आदेशों का भी हवाला दिया गया, जिनमें समान प्रकरणों में राहत दी गई है।

---

चौकी करेली बड़ी थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी को भेजा जेल

## पुरानी रंजिश के चलते दोस्त को उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुद

धमतरी जिले के करेली बड़ी चौकी अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने चाकू मारकर दोस्त की हत्या कर दी। ये होली पार्टी मनाने के लिए महानदी किनारे गये थे। आरोपी के विरुद्ध चौकी करेली बड़ी में हत्या की धारा 103 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को तकरीबन 3 बजे मृतक लोचन निषाद पिता व्यास निषाद उम्र 19 वर्ष अपने अन्य साथियो के साथ पार्टी मनाने के लिए नवागांव महानदी किनारे आये थे खाना बनाकर खा रहे थे उसी समय आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव पिता स्व. कृपाराम ध्रुव उम्र 39 वर्ष साकिन वार्ड नं. 19 गोबरा



नयापारा थाना गोबरा नयापारा भी आया और साथ में खाना खाया आरोपी द्वारा पूर्व रंजिश के चलते अपने पास रखे धारदार चाकू से मृतक के बाएं सीने में चोट पहुंचाकर प्राणघातक हमला किया जिससे मृतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 6 बदमाश घर छोड़ने के बहाने नाबालिग को गाड़ी में बैठाकर ओडिशा की तरफ ले गए। वहां सुनसान जगह पर वारदात को अंजाम दिया। यह मामला हसौद थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ बदमाश नाबालिग का अपहरण कर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि, उन्होंने नाबालिग को घर छोड़ने के बहाने गाड़ी में बैठाया। फिर सुनसान जगह ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। नाबालिग किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई।

---


### बच्चे का भविष्य सुरक्षित रख सकेंगे अभिभावक

रायपुर। सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने दो नए चाइल्ड प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं, 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट फ्यूचर स्टार' और 'एसबीआई लाइफ - स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर'। इन्हें विशेष रूप से माता-पिता को बच्चे की भविष्य की आकांक्षा को सुरक्षित करने में सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। लॉन्च पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी, श्री एम आनंद ने कहा, हर माता-पिता, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हों, अपने बच्चे को जीवन में सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन वित्तीय बाधाएँ कभी-कभी चुनौतियाँ खड़ी कर सकती हैं।


दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग की घटना, मचा हड़कंप

# मालगाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग पर एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां रेलवे ट्रैक पर ओपन फाटक पार कर रही एक मालगाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि मालगाड़ी के सबसे पीछे वाले हिस्से में गार्ड ब्रेक डिब्बा पटरी से नीचे उतर गया। इस हादसे के बाद हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोंटे आई हैं। वहीं इसकी सूचना संबंधित एसईसीएल प्रबंधन विभाग और रेलवे प्रबंधन को भी दी गई। जहां रेलवे आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया जा



रहा है कि दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग पर मालगाड़ी ओपन फाटक से गुजर रही थी। इस दौरान ट्रक तेज रफ्तार में आया और चालक को लगा कि मालगाड़ी आगे निकल जाएगी लेकिन ट्रक की रफ्तार अधिक होने के कारण मालगाड़ी के सबसे अंतिम गार्डन ब्रेक डिब्बा पर जा टकराया। जहां वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### तेज आवाज से जुटी लोगों की भीड़

बताया जा रहा है कि वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि आवाज आने के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं मालगाड़ी के गार्ड ब्रेक का डिब्बा पटरी से उतर गया। साइडिंग के तीन नम्बर पटरी पर हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद रेलवे ट्रैक जाम हो गया और कोयला परिवहन उसे ट्रैक पर प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि कहीं न कहीं एसईसीएल दीपका प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एसईसीएल का साइडिंग है और ओपन फाटक बनाया गया है। इसी तरह की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते यह हादसा सामने आया है। इस फाटक पर सुरक्षाकर्मी भी तैनात नहीं किए गए हैं। ओपन फाटक होने के चलते कभी भी और बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### पूर्व में भी हो चुकी हैं लापरवाही की घटनाएं

*इससे पहले भी कई बार दीपका रेलवे क्रॉसिंग पर घटना घट चुकी है। जहां ट्रक ने मालगाड़ी को टक्कर मारी थी। लगातार घट रही घटना से संबंधित विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ऐसे में कोयला परिवहन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं आम लोगों को जान माल का भी खतरा बना हुआ है। सूचना मिलते ही कोरबा रेलवे प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और रेलवे आरपीएफ पहुंची। रेलवे आरपीएफ प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सूचना पर रेलवे के आरडी टीम पहुंची। मौके पर जहां मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए मरम्मत जारी है। वहीं आगे की कार्यवाही की जा रही है।*

## चिंतन

# आतंकवाद की वैश्विक राजधानी पाकिस्तान

आज पाकिस्तान अपना बोया ही काट रहा है। आतंकवाद और बगावत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान की नीति आतंकवाद को पालने-पोसने व अच्छे व बुरे आतंकवाद में फर्क रखने की रही है, नतीजा आज सामने है। एक तरफ जहां आतंकी गुट पाक फौज के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र के लिए लड़ाई लड़ रहे विद्रोही गुट पाक सेना को आर-पार की चुनौती दे रहे हैं। एक सप्ताह में दूसरी बार है जब बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) ने पाक फौज को निशाना बनाकर हमला किया है। बीएलए ने पहले ट्रेन को हाइजैक किया, उसके बाद अब आत्मघाती हमले से पाक सुरक्षा बलों पर हमला किया है। बीएलए पाक संघीय सरकार से आजादी की मांग कर रही है। इस वक्त पाकिस्तान में कई अलगाववादी गुट सक्रिय हैं, जिन्हें काबू करना पाकिस्तान सरकार व फौज के लिए भारी पड़ रहा है। जहां पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता है, वहीं देश के अंदर अनेक आतंकवादी, कट्टर इस्लामिक व अलगाववादी शक्तियां फन उठा रही हैं। पाक सरकार व पाक एस्टाब्लिशमेंट–फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की फंक्शनिंग में भारी अंतर व समन्वय की कमी के चलते अलगावादी शक्तियों को अवसर मिल रहा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, मुल्तान, पीओके व सिंध क्षेत्र में पाक एस्टाब्लिशमेंट के प्रति असंतोष है। आज पाकिस्तान जिस भी स्थिति में है, इसके लिए वह आतंकवाद पर अपनी नीति के कारण है। ऐसा लग रहा है मानो अब पाकिस्तान के लिए राष्ट्र के रूप में एक रह पाना मुश्किल है, बांग्लादेश की तारीख को बलूचिस्तान दोहरा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लैक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक बार फिर से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को आश्रय देने के नीतिगत पहलुओं को उजागर किया है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान से शांति की राह पर चलने और आतंकवाद छोड़ने की अपील करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आवाम की खुशी के खातिर भी कभी शांति की राह पर चलने का प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई। इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। अब दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। वह अपने पड़ोसी भारत व अफगानिस्तान के साथ हमेशा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। भारत ने पाक के आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है, पाक को चार बार भारत से जंग में करारी हार का सामना करना पड़ा है, इसके बाद भी सुधर नहीं रहा है। पाकिस्तान भारत से अलग ही इसलिए हुआ कि वह मुस्लिमों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाएगा, लेकिन पाकिस्मानी हुकूमत ने शांति व विकास के बजाय पड़ोसियों से संघर्ष व प्रॉक्सी जंग का रास्ता चुना, खामियाजा समूची पाकिस्तानी जनता भुगत रही है। वह आतंकवाद की वैश्विक राजधानी बन कर रह गया है। अनेक घोषित ग्लोबल आतंकवादी इस वक्त भी पाकिस्तान में हैं। भारत का रुख साफ है, पहले पाकिस्तान आतंकवाद बंद करे, फिर नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ वार्ता करेगी। पाकिस्तान को अपने यहां से भारत विरोधी आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। अभी संयुक्त राष्ट्र में भी पाक ने कश्मीर राग अलापा है, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

यह विधेयक सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है।

अंततः भारतीय शासन ने भी वर्तमान अमेरिकी शासन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रेरणा प्राप्त कर संसद के वर्तमान सत्र में 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' प्रस्तुत कर दिया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह किसी के भारत आगमन को रोकने नहीं बल्कि यहां के नियमों के अंतर्गत यहां आने के अभ्यास को क्रियान्वित करने के लिए लाया गया है। मूलतः इस विधि-व्यवस्था द्वारा शासन यह सुनिश्चित करेगा कि भारत में अवैध प्रलेखों-प्रपत्रों के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवास समाप्त किया जाए और उन्हें वापस वहीं भेजा जाए जहां से वे आये हैं।

यह विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, इत्यादि सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है, इस पर भलीभांति विचार-विमर्श नहीं हुआ और पारित करने से पूर्व इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाना चाहिए था। इस संदर्भ में विपक्षियों से प्रश्न है कि भारत हितैषी विधेयकों के पारित होने के बाद ही उनका विरोध मुखरित क्यों होता है। ऐसे विधान की प्रस्तावना से लेकर प्रक्रिया में निश्चित ही लंबा समय व्यतीत हुआ होगा। इस समयावधि में भी विपक्षी नेता अपनी आपत्तियां प्रकट कर सकते थे। विधान को कार्यकारी स्वरूप प्रदान करने वाले संबंधित मंत्रालय, मंत्री और कार्यकारी तंत्र के साथ समन्वय करके इसकी कमियों और निष्प्रभावी बिंदुओं की ओर ध्यानाकृष्ट करवा सकते थे। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अवैध आबादी उनका बड़ा वोट है और इसीलिए उनका विरोध भारत के हित में संबंधित विधान के गुण-दोषों पर यथोचित चर्चा करने की तुलना में इस कारण देश में होनेवाली अवैध आबादी की गोलबंदी से अपने राजनीतिक हितों के चोटिल होने के प्रतिकार में ही हो रहा है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अपनी-अपनी राजनीति का चाल-चरित्र मुस्लिम तुष्टिकरण तक सीमित कर दिया है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश और म्यामांर से घुसपैठ कर आए हुए कठमुल्लों की आबादी करोड़ों में पहुंच चुकी है। बंगाल में कठमुल्लों की अवैध घुसपैठ और आप्रवासन होते-होते एक-डेढ़ दशक से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। इस समयावधि में राजनीतिक स्वार्थ साधने के मकसद से ऐसी आबादी केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रही। राजधानी दिल्ली सहित भारत के अनेक प्रांतों में भी अवैध बांग्लादेशियों और म्यांमारियों की बड़ी आबादी झुग्गी-बस्ती डालकर रह रही है। ऐसी जनसंख्या को वोट बैंक बनाने के लालच में अधिसंख्य भारतीय राजनीतिक दलों ने अपने मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों को खूंटी पर टांग दिया है। दुनिया में



ऐसी अवैध जनसंख्या के बलबूते अपनी-अपनी राजनीतिक स्थापनायें कर चुके व करते रहे अधिसंख्य देशों के शासन ने अपने संरक्षण में चलाये जा रहे एनजीओ के माध्यम से इस जनसंख्या का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और जनसंचारिक संरक्षण किया है। भारत भी इस प्रसंग पर कांग्रेस के शासन में अमेरिका और यूरोपीय देशों की भांति अवैध आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का दंश सह चुका है और जिस-जिस प्रदेश में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और हिंदुओं के वोटों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दल विधायिकाओं में बहुमत के साथ उपस्थित हैं, आज वे संसद की राज्यसभा में अवैध घुसपैठ व आप्रवान के संदर्भ में पारित विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

हालांकि विधेयक की संपूर्ण विषय-सामग्री को इसका पूर्ण अध्ययन करने पर ही जाना जा सकता है, किंतु लेखक केंद्रीय शासन से यह अवश्य पूछना चाहेगा कि जब विधेयक अवैध घुसपैठ, आप्रवासन और नागरिकता के संबंध में है तो फिर दोषियों को सात वर्ष का कारावास और दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतने का दंड पर्याप्त नहीं है। यदि विपक्ष इस बिंदु पर अपना विरोध प्रकट करता तो देश के मूल नागरिक उनके विरोधी स्वर का अनुसमर्थन करते। यदि किसी या किन्हीं व्यक्तियों को घुसपैठ, अवैध आप्रवासन या अवैध नागरिकता के आरोप के बाद पकड़ा जाता है तो दंड यह होना चाहिए कि उनके पास उपलब्ध उनकी समस्त चल-अचल संपत्तियों को शासन अपने पास रखे और उन्हें तत्काल ही देश से बाहर करे। इस संदर्भ में शासन के स्तर पर एक त्वरित कार्यबल या प्रकोष्ठ गठित हो, जो दोषी घुसपैठियों, आप्रवासियों, नागरिकों को पंद्रह दिनों या एक महीने में वापस वहीं उसी देश भेजने का प्रबंध करे, जहां से वे आये थे। करोड़ों की संख्या में अवैध पाये जाने वाले बांग्लादेशियों, म्यांमारियों या किसी अन्य पड़ोसी देश के घुसपैठियों को कारावास में रखना तो भारतीय हितों पर कुठाराघात ही होगा। यदि ऐसे व्यक्तियों के पास कोई चल-अचल संपत्ति नहीं मिलती और इन्हें शासकीय व्यय पर कारावास में पाला-पोषा जाता है, तो इससे अवैध आप्रवासन विधेयक की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। पंगु भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत अवैध आप्रवासियों को कारावास देना अंततः भारतीय मूल नागरिकों द्वारा कर के रूप में शासन को दी जाने वाली धनराशि का अपव्यय ही सिद्ध होगा। यदि संबंधित विधेयक के पारित होने के बाद ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होने की शंकाएं हैं तो स्वयं केंद्रीय शासन को विधेयक पर पुनर्विचार करके इस पर समयोचित संशोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। यह विधेयक भारतीय गणतंत्र, शासन, मूल नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता हुआ तब ही प्रतीत होगा, जब इसके माध्यम से करोड़ों अवैध आप्रवासी बांग्लादेशियों, म्यांमारियों और अन्य देशों के वासियों को भारत से निकालकर वापस उनके देश में भेजा जाना सुनिश्चित हो। क्या इसके लिए केंद्रीय शासन तत्पर है? आप्रवासन की अवैध कुव्यवस्थाओं का चक्रव्यूह तोड़ पाने में वर्तमान केंद्रीय शासन कितना सफल होता है, यह तो आगामी दिनों में धरातल पर दिख ही जाएगा। इस ध्येय की सफलता हेतु शासन के सम्मुख प्रमुख चुनौती उन देशों को अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए मनाने की होगी, जहां के करोड़ों व्यक्ति अवैध ढंग से भारत में रह रहे हैं। क्या केंद्रीय शासन रणनीतिक कुशलता के साथ यह राजनीतिक कर्म कर पाएगा? इस संदर्भ में बड़ी व व्यापक शंका ये है कि जब अपने ही देश के विपक्षी राजनीतिक दल व इनके नेता, अवैध आप्रवासन को रोकने हेतु पारित विधेयक की नीतियों का विरोध कर रहे हों तो फिर इन पर अवैध आप्रवासियों के मूल देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या इस हेतु शासन की कोई पूर्वयोजना निर्धारित है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्लिमनेस
सोनम लववंशी



# युवाओं में सवार पतला होने का पागलपन

एक 18 वर्षीय लड़की की मौत... वजह? उसने खाना छोड़ दिया था। सुनने में यह जितना अविश्वसनीय लगता है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा भयावह है। केरल की श्रीनंदा, जो कभी खिलखिलाती जिंदगी जी रही थी, धीरे-धीरे खुद को खत्म करने लगी, मात्र इसलिए क्योंकि वह पतली दिखना चाहती थी। एनोरेक्सिया नर्वोसा, एक ऐसी बीमारी जिसमें व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पतला होने की कोशिश में खुद को भूखा रखने लगता है, उसका जीवन लील गई। उसका वजन घटकर केवल 24 किलो रह गया था। क्या यह महज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, या फिर एक बड़ी सामाजिक समस्या की भयावह तस्वीर? आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब ने 'परफेक्ट बॉडी' के नाम पर युवाओं के दिमाग में एक ऐसा डर भर दिया है, जो धीरे-धीरे उन्हें भीतर से खत्म कर रहा है। हर जगह एक ही संदेश- 'पतले रहो, सुंदर दिखो, नहीं तो तुम स्वीकार किए जाने के योग्य नहीं हो!' यह कैसा समाज बना रहे हैं हम, जहां खूबसूरती के पैमाने इंसान की सेहत और जिंदगी से बड़े हो चुके हैं? श्रीनंदा की मौत अकेली नहीं है। हजारों किशोर और युवा इस मानसिकता की गिरफ्त में आ चुके हैं। शोध बताते हैं कि एनोरेक्सिया नर्वोसा से जूझने वालों में से 5 से 10 प्रतिशत की जान चली जाती है। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि एक गंभीर मानसिक बीमारी है, लेकिन इसे लेकर जागरुकता इतनी कम है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को इसी तरह खोते रहेंगे? दरअसल, सोशल मीडिया, फिल्में, फैशन इंडस्ट्री, सब मिलकर एक आदर्श शरीर की परिभाषा बना रहे हैं, जिसमें 'स्लिमनेस' ही खूबसूरती और सफलता की पहचान है। लड़कियां खुद को बॉलीवुड की अभिनेत्रियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से तुलना करने लगती हैं, जो हमेशा पतली, टोंड बॉडी में नजर आती हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि इन तस्वीरों के पीछे कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एडिटिंग, फिल्टर्स और कभी-कभी खतरनाक डायटिंग भी होती है। जब एक किशोरी दर्पण में खुद को देखती है और उन 'आदर्श' छवियों से तुलना करती है, तो वह खुद को कमतर महसूस करने लगती है। फिर शुरू होता है खाना छोड़ने, अत्यधिक व्यायाम करने और खुद को तकलीफ देने का खतरनाक सिलसिला। क्या इसके लिए केवल सोशल मीडिया ही जिम्मेदार है? नहीं। समाज में बचपन से ही बच्चों को शरीर को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं, इतने मोटे मत बनो, पतले रहोगे तो अच्छे लगोगे। खासकर लड़कियों पर यह दबाव ज्यादा रहता है। परिवार, स्कूल, रिश्तेदार, हर कोई जाने-अनजाने ऐसी टिप्पणियां कर देता है, जो किसी के आत्मविश्वास को जड़ से हिला देती हैं। क्या किसी की सुंदरता को सिर्फ उसके वजन से मापा जाना चाहिए? डॉक्टरों के अनुसार, एनोरेक्सिया सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक बीमारी भी है। इसके शिकार लोग जरूरत से ज्यादा परफेक्शनिस्ट होते हैं, वे खुद को भूखा रखते हैं, शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, अंग काम करना बंद कर देते हैं, और धीरे-धीरे वे मौत के करीब पहुंच जाते हैं। समस्या की जड़ तक जाना जरूरी है। सबसे पहले, हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बॉडी पॉजिटिविटी को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति अपने शरीर को अपनाए, उसे प्यार करे, और अवास्तविक सौंदर्य मानकों के पीछे भागने के बजाय अपनी सेहत को प्राथमिकता दे। अभिभावकों की भी भूमिका अहम है। जब आपका बच्चा बार-बार अपना वजन तोलता है, खाने से बचता है, या अपने शरीर को लेकर असंतुष्ट दिखता है, तो यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि खतरे की घंटी हो सकती है। ऐसे में तुरंत उससे बात करें, उसे समझाएं कि असली खूबसूरती क्या होती है, और जरूरत पड़े तो मनोवैज्ञानिक मदद लेने से भी न हिचकिचाएं। मीडिया और विज्ञापन उद्योग को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वे चाहें तो सौंदर्य के असली मायने बदल सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री को भी समझना होगा कि हर शरीर खूबसूरत होता है और केवल पतलेपन को बढ़ावा देना खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनरियलिस्टिक बॉडी इमेज को प्रमोट करने वाले कंटेंट पर सख्ती की जानी चाहिए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ानी चाहिए ताकि बच्चे अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहें। अब समय आ गया है कि हम अपने बच्चों, अपने समाज और खुद को यह समझाएं कि असली खूबसूरती सिर्फ पतलेपन में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और खुशहाल मन में होती है? फैसला हमें करना है, कहीं बहुत देर न हो जाए।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सभी प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

अब होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठे होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है। *- मनोज जोशी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने 18वीं सदी का कानून लागू किया, जज ने रोका



निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और 'डेमोक्रेसी फॉरवर्ड' द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्रवाई करनी होगी।''

## ऑफ बीट

# रक्तदान से रक्त कैंसर होने का खतरा कम



रक्तदान को जिंदगी बचाने वाला कार्य माना जाता है लेकिन क्या रक्तदान करने से दाता को भी लाभ हो सकता है? लंदन में फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए शोध के अनुसार, बार-बार रक्तदान करने वाले लोगों में सूक्ष्म आनुवंशिक परिवर्तन हो सकते हैं जिससे रक्त कैंसर होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके साथ ही अनेक प्रमाण हैं कि नियमित रक्तदान से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है रक्त बनाने वाली हमारी स्टेम कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से उत्परिवर्तन होते हैं, इस प्रक्रिया को 'क्लोनल हेमेटोपोइसिस' कहते हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन ल्यूकेमिया जैसी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। हालांकि, फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए अध्ययन ने बार-बार रक्तदान करने वालों में एक दिलचस्प अंतर की पहचान की है। अध्ययन में 60-70 वर्ष के स्वस्थ पुरुष दाताओं के दो समूहों की तुलना की गई। एक समूह ने 40 वर्षों तक साल में तीन बार रक्तदान किया था जबकि दूसरे ने कुल मिलाकर केवल पांच बार रक्तदान किया था। दोनों समूहों में आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की संख्या समान थी लेकिन उनकी प्रकृति भिन्न थी।

## ट्रेंड

### डिजिटल नवाचार



यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है, जिससे अनगिनत लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जनता के बहुमूल्य सुझाव



दिल्ली बजट 2025-26 के तहत हमारी सरकार लगातार जनता के बहुमूल्य सुझाव ले रही है। मैं भरोसा दिलाती हूँ कि डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### सुख-समृद्धि की प्रार्थना



10 दिन की विपश्यना साधना के बाद परिवार सहित अमृतसर पहुंचा। श्री दरबार साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज जी के चरणों में सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### सॉफ्ट पावर का उदय



यह एक सच्ची सॉफ्ट पावर का उदय है और भारत एक प्रभावशाली अर्थव्यवस्था के रूप में जो दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत ने वेव्स शिखर सम्मेलन से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए 1 बिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


जेएलएन स्टेडियम में खेलमंत्री मांडविया ने किया उद्घाटन

# स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया एक बेहतर मंच मुख्य अतिथि मजेदार फिटनेस चुनौतियों सहित बातचीत को बनाएंगे 'जीवंत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहली बार आयोजित होने वाले फिट इंडिया कार्निवल का भव्य उद्घाटन रविवार को जेएलएन स्टेडियम में केंद्रीय खेलमंत्र मनसुख मांडविया ने किया। इस कार्यक्रम में आगामी खेलो इंडिया पैरा गेम्स के शुभंकर, लोगो और खेलों के गीत का अनावरण भी किया गया। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए जाएंगे।

## 16, 17 और 18 मार्च को किया जाएगा आयोजन



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अनुसार फिट इंडिया कार्निवल 16, 17 और 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसका मकसद एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है, जो फिट इंडिया मूवमेंट के, नागरिकों के और तंदुरूस्त होने, स्वस्थ और मोटापे से मुक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मजेदार फिटनेस चुनौतियों सहित जीवंत बातचीत में भी शामिल होंगे।

**'नृत्य के ज़रिए फिटनेस' विषय पर भी कार्यक्रम होंगे**

3 दिनों के दौरान कलारीपयट्टू, मलखंब और गटका जैसे आकर्षक प्रदर्शन के साथ-साथ 'नृत्य के ज़रिए फिटनेस' विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव डीजे संगीत, बैंड प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा।




**3** दिनी फिट इंडिया कार्निवल की केंद्रीय खेलमंत्री मांडविया ने की शुरुआत

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च के बीच दिल्ली में आयोजित होंगे

### रस्सी कूदना, साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग खेल होंगे

फिट इंडिया कार्निवल में तीन दिनों के दौरान रस्सी कूदना, स्थिर साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग, स्क्वॉट और पुश-अप चुनौतियों सहित कई खेल गतिविधियां मुख्य आकर्षण होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) के डॉक्टर, पोषण विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक भी मौजूद रहेंगे, जो महोत्सव में आने वाले लोगों को बगैर किसी शुल्क के परामर्श देंगे।

### कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे

इस मौके पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना, पहलवान और फिटनेस आइकॉन संग्राम सिंह और वेलनेस गुरु मिकी मेहता सहित कई विशेष अतिथि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक की टक्कर में चार युवकों की मौत



**बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से करीब 15 किमी दूर सोनहत के आदर्श ग्राम पंचायत कटगोड़ी में शनिवार की रात एक भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की जान असमय चली गई। यह हादसा कटगोड़ी में शिवाली सिंह के घर के सामने हुआ, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

### कागजों पर चल रहे 219 मदरसों पर एफआईआर



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में जांच के दौरान 219 मदरसे कागजों पर चलते पाएजाने के बाद, जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला था कि 219 मदरसे सिर्फ कागजों पर चल रहे थे और उनका कोई अस्तित्व नहीं है। संचालकों पर केस दर्ज किए हैं।

### बेंगलुरु में बिहार के 3 मजदूरों की हत्या



**बेंगलुरु।** बिहार से काम करने आए तीन मजदूरों की हत्या से हड़कंप मच गया। बेंगलुरु के सरजापुर इलाके में 14 मंजिला निर्माणाधीन अपार्टमेंट से इन तीनों मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। आशंका है कि इनकी होली के जश्न के दौरान इनकी हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान गोपालगंज निवासी राधे श्याम, दीपु और अंशु के रूप में हुई है।

### 55.5 लाख के पुराने नोट जब्त, चार गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में 55.5 लाख से अधिक मूल्य के पुराने और अमान्य नोटों को बदलने का प्रयास करने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीमों ने गिरोह को उस समय पकड़ा जब वे संभावित ग्राहकों से कमीशन के आधार पर अवैध रूप से 500 और 1000 रुपए के पुराने नोटों को वैध भारतीय मुद्रा से बदलने का प्रयास कर रहे थे।

### जबरन छुट्टी पर भेजे गए रान्या के पिता रामचंद्र



**चेन्नई।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़ा गोल्ड स्मग्लिंग का मामला दिन पर दिन उलझता ही जा रहा है। इसी का नतीजा है कि तीन केंद्रीय जांच एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने शनिवार को उनके पिता और डीजीपी रामचंद्र राव को 'कंपल्सरी लीव' पर जाने का आदेश दिया है। 3 मार्च को रान्या को डीआरआई ने बेंगलुरु एयरपोर्ट पर रोका था।

## गृहमंत्री शाह ने असम में लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का किया उद्घाटन

उनकी गाथा से युवा छात्रों को मिल रही प्रेरणा

# मणिपुर-गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे

### मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के डेरगांव में नव-निर्मित लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। यह अकादमी उन्नत प्रशिक्षण अवसंरचना और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है।

उन्होंने अकादमी के आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने लाचित बोरफुकन को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ असम की रक्षा की थी। शाह ने मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया। 167 करोड़ की लागत से निर्मित इस अकादमी के प्रथम चरण को राष्ट्र को समर्पित करते और द्वितीय चरण की आधारशिला रखते हुएउन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले पांच वर्षों में यह अकादमी भारत की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। उन्होंने इसे देश का शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने के लिए तीन चरणों में कुल 1,024 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई।

**असम सरकार की सराहना की**

शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई




### असम सरकार की सराहना की

गृह मंत्री शाह ने कहा कि एक समय था जब उग्रवाद प्रभावित असम के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए अन्य राज्यों में भेजना पड़ता था, जबकि आज यह गर्व की बात है कि मणिपुर और गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने असम सरकार की सराहना की कि इस अकादमी को महान योद्धा लाचित बोरफुकन को समर्पित किया गया है। शाह ने कहा कि सात वर्ष की आयु में उन्होंने लाचित बोरफुकन की वीरता के बारे में पढ़ा था, लेकिन अपनी स्नातक तक की पढ़ाई के दौरान उन्हें इस महान योद्धा पर कोई और पुस्तक नहीं मिली।

**असम में युवाओं के लिए नौकरियों के द्वार खुलेंगे**

### मोदी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया

उन्होंने पिछले 10 वर्षों में असम के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने बोडो, कार्बी, आदिवासी और उल्फा उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौतों, असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवादों के समाधान, अर्धचालक क्षेत्र में निवेश और एडवांटेज असम 2.0 पहल की सफलता का उल्लेख किया। 5.18 लाख करोड़ के निवेश समझौते जल्द से साकार होंगे।

### सरकार ने असम को 4,95,000 करोड़ आवंटित किए

कांग्रेस शासन की तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने असम को केवल 1,27,000 करोड़ की धनराशि दी थी, जबकि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में 4,95,000 करोड़ आवंटित किए हैं, जो कांग्रेस के मुकाबले 4 गुना अधिक है। उन्होंने कांग्रेस पर असम में अशांति फैलाने और इसके विकास के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया, विशेष रूप से शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में।

### असम की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सराहा

शाह ने असम की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सराहना की, जिसमें भारत माला परियोजना के तहत 200 किमी सड़कों के लिए 10,000 करोड़, धुबरी-फुलबाड़ी पुल, और सिलचर-चुराइबाड़ी कॉरिडोर के लिए 3,400 करोड़ आवंटति कएि गए हैं। इसके अलावा, माजुली में सड़क और तटबंध के लिए 1000 करोड़ रुपए, ब्रह्मपुत्र पर 6 लेन पुलों के निर्माण के लिए भी धन आवंटित किया गया है। स्वास्थ्य, शौचालय निर्माण, एलपीजी कनेक्शन, और आवास परियोजनाओं के तहत लाखों लोगों को लाभ हुआ है। असम पुलिस की सजा दर 5 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गई है और नए भारतीय न्याय संहिता के कार्यान्वयन से असम पुलिस को उच्चतम प्रशिक्षण मिलेगा।

### सरकार ने असम में शांति स्थापित की

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने न सिर्फ असम में शांति लाने का प्रयास किया है बल्कि शांति लाकर दिखाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया है और अब मुख्यमंत्री हिंमता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में 5 लाख करोड़ का निवेश भी राज्य में आ रहा है जो यहां के युवाओं के लिए स्वर्णिम भविष्य की नींव रखेगा।

## शाह बोले- ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं

# *एनसीबी ने इंफाल व गुवाहाटी से 88 करोड़ की ड्रग्स की जब्ती की*



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इंफाल और गुवाहाटी जोन से 88 करोड़ की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की और अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया।शाह ने कहा है कि ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए एनसीबी को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है।

### तीन लोगों को किया गिरफ्तार, वाहन बरामद

गृह मंत्रालय के अनुसार पहली कार्रवाई में 13 मार्च को सूचना के आधार पर एनसीबी ने इंफाल जोन के अधिकारियों ने लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन की पूरी तरह से टोह लेने के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में टूल बॉक्स/केबिन से 102.39 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की गोलियां बरामद कीं। ट्रक में सवार दो लोगों को पकड़ा भी गया। बिना किसी देरी के टीम ने संदिग्ध रिसीवर को पकड़ लिया। उसके पास से एक 4 पहिया वाहन भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल ड्रग तस्करी के लिए किया जाता था।

### 75 करोड़ की एमडीएमए के साथ 2 विदेशी अरेस्ट



ड्रग तस्करी के खिलाफ सरकार की कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु एयरपोर्ट पर दो नाइजीरियाई महिलाओं को 37 किलोग्राम से ज़्यादा ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसकी कीमत 75 करोड़ है। यह कर्नाटक में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग खेप है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बंबा फैंटा और अबिगेल एडोनिस को दिल्ली से एयरपोर्ट से अरेस्ट किया है।

## काउंटर-टेररिज्म पर 19 -20 को अंतरराष्ट्रीय बैठक

10 देशों के डेलिगेशन भारत आ रहे

# आतंकवाद और उग्रवाद के खतरों से निपटने बनेगी 'व्यापक' रणनीति

### भारत और मलेशिया इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के खिलाफ भारत में अहम बैठक होगी। इस दौरान विभिन्न देश काउंटर टेररिज्म पर मंथन करेंगे। आतंकवाद-प्रतिघात पर आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन-प्लस विशेषज्ञ कार्य समूह की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित होगी। भारत और मलेशिया इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए आसियान के 10 सदस्य देशों के डेलिगेशन भारत आ रहे हैं।

### भारत के रक्षा सचिव देंगे उद्घाटन भाषण

8 संवाद भागीदार यानी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों के साथ ही टिमोर-लेस्ते और आसियान सचिवालय के सदस्य भी इसमें भाग लेंगे। 19 मार्च को भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य भाषण देंगे। यह बैठक 2024-2027 के वर्तमान चक्र के लिए काउंटर-आतंकवाद पर एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप की गतिविधियों का पहला सत्र होगी। इस बैठक में आतंकवाद और उग्रवाद के विकसित हो रहे खतरों से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

**संगोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित होंगी :** 2024-2027 के वर्तमान चक्र के लिए यह कार्यक्रम योजनाबद्ध गतिविधियों, अभ्यासों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं की नींव रखेगा। आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस, व्यावहारिक सहयोग एक मंच के रूप में कार्य करता है।

## येदियुरप्पा का दावा कर्नाटक में भाजपा की सरकार बनेगी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि राज्य में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल है और पार्टी जल्द ही सत्ता में आएगी। उन्होंने गुटबाजी को लेकर कहा कि हर किसी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और मतभेद भुलाना चाहिए। भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है। आने वाले दिनों में हम 100 फीसदी सरकार बनाएंगे।

## पंजाब में किसानों ने प्रदर्शन किया तेज

# 26 मार्च को बजट के दिन विधानसभा तक सभी किसान करेंगे पैदल मार्च

### रविवार की बैठक पर मान सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब में किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हुई किसानों की बैठक में हंगामा हुआ था, जिसके बाद सीएम बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए थे। किसानों ने आरोप लगाया था कि उनकी मांगें अनसुनी कर दी गईं। अब किसानों ने 16 मार्च को एक और बैठक का ऐलान किया था, जिसमें सीएम के साथ चर्चा करने की योजना थी। सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी।



### अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे

किसानों ने गांव लेले में हुए घटनाक्रम की कड़ी निंदा की, जहां किसानों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया। किसानों का कहना है कि वे इस अन्याय के खिलाफ खड़े रहेंगे और इसका सख्त विरोध करेंगे। 26 मार्च को किसान चंडीगढ़ के सेक्टर 34 ग्राउंड में इकट्ठा होंगे।

**महापंचायत करेंगे,जागरूकता अभियान चलाएंगे :** किसान संगठनों ने पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई है। पर्चे वितरित कर लोगों को जोड़ने की कोशिश केरंगे। बरनाला, अमृतसर और जालंधर में महापंचायतों का आयोजन होगा।

## केदारनाथ में गैर-हिंदुओं का प्रवेश बैन होगा, भाजपा विधायक बोलीं

# ये लोग वहां पर मांस, मछली और शराब परोस रहे

एजेंसी ▶▶ केदारनाथ

धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश और गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। इस संबंध में केदारनाथ की भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने जानकारी दी है। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि कुछ गैर-हिंदू तत्व धार्मिक स्थल केदारनाथ धाम की पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग वहां मांस, मछली और शराब परोसने जैसे कामों में लिप्त हैं, जिससे धाम की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है।



### नौटियाल ने कहा- पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे



### प्रभारी मंत्री के साथ की थी बैठक

भाजपा विधायक नौटियाल ने कहा कि हाल ही में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस विषय पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की थी। बैठक में यह सुझाव आया कि गैर-हिंदू तत्वों द्वारा केदारनाथ धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

#### भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार

### किस-किस को वर्जित करेंगे: हरीश



पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यह शिव भूमि है, उत्तराखंड ही नहीं। देशभर में एक तरफ द्वारका और पुरी में भगवान विष्णु विराजमान हैं। एक तरफ रामेश्वरम हैं, तो दूसरी तरफ उत्तराखंड में केदारनाथ-बद्रीनाथ हैं। जहां हर धार में देवालय है और हर नदी घाड़ में शिवालय है, वहां आप किस-किस को वर्जित करेंगे। और ये संकीर्णता क्यों?

## बजरंग दल का अल्टीमेटम

# सरकार ने नहीं तो हम खुद हटा देंगे औरंगजेब की कब्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बजरंग दल ने महायुति सरकार से अपील की कि वह समय रहते औरंगजेब की कब्र को हटा दे। बजरंग दल ने अल्टीमेटम भी दिया है कि अगर सरकार ने नहीं हटाया तो फिर कारसेवा कर उसे हटाया जाएगा। नितिन महाजन ने कहा कि संभाजी नगर में जो कलंकित कब्र है। हम तो कलंकित ही कहेंगे। छत्रपति संभाजी महाराज के हत्यारे की कब्र है और वहां उसे पूजा जा रहा है। उसे हटाया जाए।



### आज करेंगे निवेदन

नितिन ने कहा कि ये पूजा होने के बाद समाज का वैसा निर्माण होता है जब समाज को शौर्य के आधार पर प्रेरित करते हैं। अत्याचारी शासक की कब्र है जो हमें बता रहा है कि हमारी लाचारी थी। जो हिंदू समाज पर अत्याचार किए। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद उसे हटाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को 17 मार्च को निवेदन देने जा रही है। उसे नियमों के अुसार हटाया जाए।

## खबर संक्षेप

### बैंक यूनियन की 24-25 मार्च को हड़ताल

**कोलकाता।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने कहा कि 24 और 25 मार्च को उसकी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। यूएफबीयू ने कहा कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांगों पर भारतीय बैंक संघ के साथ बातचीत में कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया। आईबीए के साथ बैठक में यूएफबीयू के सदस्यों ने सभी संवर्गों में भर्ती और पांच दिवसीय कार्य सप्ताह समेत कई मुद्दे उठाए।

### रिकॉर्ड 7.2 अरब डॉलर के विलय-अधिग्रहण सौदे

**नई दिल्ली।** भारत में फरवरी में विलय-अधिग्रहण एवं निजी इक्विटी सौदों में रिकॉर्ड उछाल देखा गया। ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 7.2 अरब डॉलर के 226 विलय-अधिग्रहण और निजी इक्विटी सौदे हुए। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया, यह फरवरी 2024 की तुलना में मात्रा के लिहाज से 67 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्य के लिहाज से 5.4 गुना वृद्धि दर्शाता है। इसमें मूल्य के लिहाज से घरेलू सौदों की 78 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें कहा गया कि भारतीय सार्वजनिक बाजारों में विदेशी निवेश में गिरावट और व्यापार शुल्कों के बढ़ने सहित वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत में सौदा गतिविधियों में लचीलापन देखने को मिला।

## पीएम ने डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार के लिए चुने जाने पर आरबीआई की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 'डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार-2025' के लिए चुने जाने को 'सराहनीय उपलब्धि' बताते हुए कहा कि यह कामकाज के संचालन में नवोन्मेषण और दक्षता पर जोर देता है। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उसे ब्रिटेन में लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग द्वारा 'डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार-2025' के लिए चुना गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, "आरबीआई को प्रवाह और सारथी प्रणालियों सहित अपनी पहल के लिए पुरस्कृत किया गया है और मान्यता दी गई है। इन पहल को संस्थान की डेवलपर टीम द्वारा विकसित किया गया है। पुरस्कार समिति ने उल्लेख किया कि कैसे इन डिजिटल पहल ने कागज के उपयोग को कम कर दिया है, जिससे आरबीआई की आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाओं में बदलाव आया है। इस पोस्ट को 'टैग' करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल नवोन्मेषण भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है और अनगिनत लोगों को सशक्त बना रहा है।

# आरबीआई की मुद्रा प्रबंधन परियोजना के लिए ईआईएल मेकॉन और चार अन्य कंपनियां दौड़ में

भाषा ▶▶| मुंबई

■ नए बैंक नोट और सिक्के देश भर के 19 निर्गम कार्यालयों (आईओ) में प्राप्त होते हैं

देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की भविष्य की नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा प्रबंधन बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार की परियोजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) और मेकॉन के साथ-साथ चार निजी क्षेत्र की कंपनियां भी दौड़ में हैं। चार निजी कंपनियां- एक्सेंचर सॉल्यूशंस, कोलियर्स इंटरनेशनल (इंडिया) प्रॉपर्टी सर्विसेज, प्राइसवाटरहाउस कूपर्स और द बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (इंडिया) हैं। आरबीआई ने इससे पहले 'भारत में मुद्रा प्रबंधन अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए परामर्श और परियोजना प्रबंधन सेवाओं की खरीद' के लिए रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। केंद्रीय बैंक को 11 कंपनियों से जवाब मिले थे। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन करने के बाद आरबीआई ने कहा कि उसने प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के लिए छह कंपनियों को सूचीबद्ध किया है। ईओआई दस्तावेज के अनुसार, आरबीआई ने नए मुद्रा प्रबंधन केंद्रों के निर्माण, गोदाम स्वचालन की शुरुआत, सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों की स्थापना, एक भंडार प्रबंधन प्रणाली और एक केंद्रीकृत कमान केंद्र का प्रस्ताव रखा है।एनआईसी (चलन में मौजूद नोट) की वृद्धि दर में नरमी के बावजूद, निकट भविष्य में वृद्धि सकारात्मक बनी रहने की संभावना है। हालांकि, अगले दशक में इसकी गति धीमी रहने की उम्मीद है। बैंक नोट चार प्रिंटिंग प्रेस में छापे जाते हैं, और सिक्के चार टकसालों में ढाले जाते हैं। नए बैंक नोट और सिक्के देश भर के 19 निर्गम कार्यालयों (आईओ) में प्राप्त होते हैं।

## निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए तत्काल आधार पर बाजार की निगरानी आवश्यक: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिए बाजारों की तत्काल आधार पर निगरानी की वकालत की। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। उन्होंने बाजार में, विशेष रूप से नए उतरने वाले खिलाड़ियों के लिए समान अवसर की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री ने कहा, "कोई एकाधिकार नहीं होना चाहिए... निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से बाजार और अर्थव्यवस्था को लाभ होता है... व्यापार की स्वतंत्रता होनी चाहिए। एमएसएमई के महत्व को रेखांकित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आधार पर बाजार की निगरानी और विश्लेषण आवश्यक है। डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून के बारे में मंत्री ने कहा कि इसपर विचार-विमर्श चल रहा है।

### भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं

# घरों की मांग मजबूत, मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी कीमतें : क्रेडाई

■ रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है। ईरानी ने एक बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था।



### घरों की मांग में सुधार होगा

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता।' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है। ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा।



### 1,000 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का फैसला

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि हम हरित रियल एस्टेट और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडाई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पटेल ने बताया कि क्रेडाई ने एसोसिएशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को 'अपग्रेड' (उन्नत) करने का फैसला किया है। क्रेडाई एक गैर सरकारी संगठन के साथ साझेदारी में इन 1,000 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगा और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी और आधुनिक शौचालयों की आपूर्ति का भी प्रावधान करेगा।

### सरकार दे रही बुनियादी ढांचे पर ध्यान

क्रेडाई के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर बहुत ध्यान दे रही है और इससे आवास, कार्यालय, मॉल और भंडार गृह सहित रियल एस्टेट के सभी क्षेत्रों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा हो रहे हैं। इस साल आवास मूल्य परिदृश्य पर ईरानी ने कहा, 'मैं कहता रहा हूं कि मूल्यवृद्धि डेवलपर के हित में बिल्कुल नहीं है। हम केवल मुद्रास्फीति से संबंधित लागत वृद्धि से बहुत खुश हैं।निश्चित रूप से कीमतों में मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आपूर्ति कम हो गई है। परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन से रियल एस्टेट डेवलपर्स के पास बेहतर लाभ मार्जिन होगा।

## अमेरिका में निवेश निर्णय में होगी देरी

**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज के अमेरिका में निवेश के निर्णय में देरी हो सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वारेन हैरिस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की शुल्क नीतियों को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है जिसकी वजह से वहां निवेश के हमारे निर्णय में विलंब हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में महत्वपूर्ण उपस्थिति वाली वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी को उम्मीद है कि अगले एक या दो महीने में नीति को लेकर स्थिति कुछ स्पष्ट होगी।

## शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 503.67 अंक या 0.68 प्रतिशत नीचे आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 155.3 अंक या 0.69 प्रतिशत का नुकसान रहा। होली के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद थे।

**चिकित्सा**

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

**हमराज़ क्लीनिक**

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006

F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर



**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। कृष्णन ने यह बात अनुबंध निर्माण कंपनी जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कही। संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। श्रीपेरंबदूर में आयोजित इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, जेटवर्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक अमृत आचार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के अध्यक्ष जोश फॉल्गर ने भाग लिया।

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणा के बीच फरवरी के लिए थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका स्थानीय बाजार की रफ्तार को प्रभावित कर रही है। यह रुख जारी रहेगा। हालांकि, हालिया 'करेक्शन' के बाद मूल्यांकन में कमी, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद जैसे कारक बाजार के उतार-चढ़ाव पर कुछ अंकुश लगा सकते हैं। हालांकि, मौजूदा व्यापार को लेकर अनिश्चितताएं बरकरार हैं।'

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि कि बाजार कुछ उतार-चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में रहेगा। बाजार की दिशा वैश्विक रुख और अमेरिकी शुल्क नीतियों से तय होगी।'

## सन फार्मा, जायडस ने अमेरिका में वापस मंगाए अपने उत्पाद

**नई दिल्ली।** भारतीय दवा कंपनियां- सन फार्मा और जाइयस फार्मास्यूटिकल्स विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों को वापस बुला रही हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह जानकारी दी। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने अपनी नवीनतम प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा है कि न्यू जर्सी स्थित सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज इंक 'असफल विघटन विनिर्देशों' के कारण मॉर्फिन सल्फेट विस्तारित-रिलीज़ टैबलेट की 9,840 बोतलें वापस ले रही है। कंपनी ने छह फरवरी, 2025 को क्लास-2 राष्ट्रव्यापी दवा वापसी शुरू की। यूएसएफडीए ने कहा कि जायडस फार्मास्यूटिकल्स इंक अमेरिका में कुछ कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाले नेलाराबाइन इंजेक्शन की बड़ी मात्रा को वापस बुला रहा है। यूएसएफडीए ने कहा कि कंपनी नेलाराबाइन इंजेक्शन की 250एमजी/50एमएल, (5एमजी/एमएल) की ताकत वाली 36,978 शीशियों को 'विफल अशुद्धियों/क्षय विनिर्देशों' के लिए वापस मंगा रही है। कंपनी ने फरवरी में क्लास-2 वापसी शुरू की थी।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## भारत, चीन के व्यापार में दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धि

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत और चीन ने 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार देखा। रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर 'आर्थिक मंदी की संभावना' की चेतावनी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट, जो मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है, ने कहा कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया, "विकासशील देशों, विशेषकर चीन और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ, जबकि कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ।" इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। साल 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ चिकना, पुत्र कर्मबीर सिंह निवासी जे-152, जेजे कॉलोनी, जे-ब्लॉक, शकूरपुर, दिल्ली, दुसरा पता मकान नं. 1022, लोक नायक पुरम, बक्करवाला, दिल्ली ने डीडी संख्या 38ए दिनाँक 14.12.2018 धारा 53/116 डी.पी. एक्ट के तहत, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ चिकना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ चिकना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **डीडी संख्या 38ए दिनाँक 14.12.2018 धारा 53/116 डी.पी. एक्ट के तहत, थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ चिकना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, पश्चिम
कमरा नं.336ए, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./1627/बाहरी जिला/2025

## शब्द पहेली - 5807




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5806 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



## स्टार बल्लेबाज ने बीसीसीआई के नियम पर जताई निराशा

# कोहली ने कहा- दौरों पर साथ रहे परिवार कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन किया है। कोहली ने कि कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं।



### परिवार की भूमिका अहम

कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, 'लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।'

### तनाव से उबरने में मिलती है मदद

कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।'

### जिनका कोई लेना देना नहीं वो भी चर्चा में शामिल

कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह, 'मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, 'ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए'।''

### मुझे खेलना पसंद, कोई घोषणा नहीं कर रहा

कोहली ने कहा, 'घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है। मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं। आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी। शायद एक और महीना। शायद छह और महीने।

# मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्लूपीएल चैंपियन, फिर खिताब से चूकी कैपिटल्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई



मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) के अर्धशतक के बाद अपनी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार रात को यहां महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं दिल्ली कैपिट्ल्स को लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने का खामियाजा अपने तीसरे फाइनल में हार से भुगतना पड़ा और उसे तीसरी बार उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर हरमनप्रीत के अर्धशतक के बावजूद सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत ने 44 गेंद में नौ चौके और दो छक्के जड़ित पारी खेली। कप्तान ने नैट साइवर ब्रंट (30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 89 रन की साझेदारी निभाई। मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों ने इस छोटे से लक्ष्य का अच्छा बचाव कर टीम को 2023 के बाद दूसरा खिताब दिला दिया। नैट साइवर ब्रंट ने 30 रन देकर तीन, अमेलिया केर ने 25 रन देकर दो जबकि शबनीम इस्माइल, हेली मैथ्यूज और साइका इशाक ने एक एक विकेट प्राप्त किया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी।

## भारत ने 33 पदक के साथ खत्म किया अभियान

**नई दिल्ली।** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।



कुश्ती

# दीपक और अंतिम एशियाई चैंपियनशिप टीम में शामिल





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाली सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए शनिवार को 30 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा यहां आईजी खेल परिसर में कराए गए चयन ट्रायल के दौरान पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन के साथ-साथ महिला वर्ग में 10-10 पहलवानों का चयन किया गया।

2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पूनिया हालांकि अब 86 किग्रा से 92 किग्रा में आ गए हैं जबकि विशाल कालीरमन भी 65 किग्रा से 70 किग्रा में खेलने लगे हैं।

### चुने हुए हलवान

**पुरुष फ्रीस्टाइल:** चिराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जॉइंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)। पुरुष ग्रीको-रोमन: नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।

**महिला कुश्ती:** अंकुश (50 किग्रा), अंतिम (53 किग्रा), नीशू (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा)।

## न्यूजीलैंड ने टी20 में पाकिस्तान को 61 गेंद में नौ विकेट से रौंदा

*क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किए गए हैं। सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10.1 ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाए। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था।*



## मीरा-सबालेंका में होगा इंडियन वेल्स का खिताबी महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स



रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। सबालेंका ने इस तरह से कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। एंड्रीवा ने टूर में अपनी जीत का सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है।



पाकिस्तान सरकार की उड़ी नींद, भारी उथल पुथल हुई शुरू

# पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमलाः 90 सैनिक मारे 5 दिन पहले ट्रेन हाईजैक में 28 सैनिक, 33 बलूच लड़ाके मारे गए थे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। हमला क्वेटा से कफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का दिया था अल्टीमेटम

बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 से हुई थी



### पाक पुलिस बोली- सिर्फ 5 सैनिक मारे गए

पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के उलट कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ। सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 10 घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान के नौशकी में सुरक्षा बलों को लेकर जा रही बस में विस्फोट हो गया। हमले में पांच सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। जबकि 12 सैन्यकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं बलूचिस्तान सरकार ने हमले की निंदा की है। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की बसें सुरक्षा बलों को लेकर जा रही थीं।

### बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा

बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में करीब 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहे हैं।

### बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) क्या है?


बीएलए पाकिस्तान के बलूचिस्तान का सक्रिय सशस्त्र समूह है। ये संगठन बलूचिस्तान की पूर्ण आजादी की मांग कर रहा है। साल 2000 के दशक से ये संगठन संघर्ष कर रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ इसका संघर्ष जारी है। बलूचिस्तान इलाका प्राकृतिक संसाधनों जैसे गैस, तांबा और सोने से समृद्ध है। बलूच लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार इनका शोषण करती है। बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 में पाकिस्तान के गठन से शुरू हुई थी। तब बलूच नेताओं ने विलय का विरोध किया था। 1948 में इस हिस्से में व्यापक स्तर पर विद्रोह हुआ था।

### पास में खड़ी दूसरी बस भी हुई क्षतिग्रस्त

स्थानीय पुलिस प्रमुख जफर जमानानी ने बताया कि बलूचिस्तान के नौशकी जिले में नौशकी-दलबंदिन राजमार्ग पर एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट से पास की एक दूसरी बस भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना एक क्रूर कृत्य है। रिंद ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। रिंद ने कहा कि शत्रु तत्व देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। आतंक के जरिये लोगों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता। किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि हमला बलूच लिबरेशन आर्मी ने कराया है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी डील को रद्द करेंगे कनाडा के पीएम



**ओटावा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। कनाडा भी अमेरिका को सबक सिखाने की तैयारी में है। कनाडा एफ-35 फाइटर जेट की डील रद्द कर सकता है। कनाडा के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उस सौदे की समीक्षा कर रहा है, जिसमें अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदे जाने हैं। यह बात तब सामने आई है जब दो दिन पहले ही पुर्तगाल भी एफ-35 खरीदने की योजना की समीक्षा का ऐलान कर चुका है।

### जम्मू-कश्मीर में बस पलटी, 30 लोग घायल



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार को एक मिनी बस के पलट जाने से 30 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जम्मू-कश्मीर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर महिलाएं थीं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना तारा मोड़ के पास हुई जब बस राजौरी जिले के मुगला से रियासी के पौनी जा रही थी। इस दुर्घटना में 22 महिलाओं समेत 30 यात्री घायल हो गए।

रायसीना डायलॉग : भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने किया ऐलान


# भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिर शुरू होगी मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एफटीए की घोषणा करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए खुश हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि, यह वार्ता साल 2010 में शुरू हुई थी और साल 2015 में रुक गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। जिसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के व्यापार को बढ़ावा देना था। लेकिन नौ दौर की वार्ताओं के बाद 2015 में ये चर्चा रुक गई थी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, दोनों देश भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हैं।' इस समझौते का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और बाजार पहुंच को आसान बनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी आज रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे

समारोह के मुख्य अतिथि होंगे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन



### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री 20 मार्च तक रहेंगे भारत की यात्रा पर

यह घोषणा तब हुई जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की चार दिवसीय यात्रा (16-20 मार्च) पर आए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।

### व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद हुआ फैसला

यह निर्णय भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की बैठक के बाद लिया गया। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को शामिल करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में लगातार काम किया है। आगे लिखा गया, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। यह अहम फैसला 16 मार्च, 2025 को भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक की दौरान लिया गया, जिसने दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की नींव रखी।

### एफटीए से क्या होगा फायदा?

व्यापार में बढ़ोतरी होगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। निवेश के नए अवसर बनेंगे और बाजार में कंपनियों को अधिक पहुंच मिलेगी। आपूर्ति श्रृंखला बेहतर होगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी।

### छह मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य अतिथि होंगे। नई दिल्ली में होने वाला यह आयोजन रायसीना डायलॉग का 10वां संस्करण होगा। इसका आयोजन 17-19 मार्च के बीच किया जा रहा है। चर्चा के छह मुद्दे होंगे। इनमें बाधित राजनीति, हरित विकल्पों का समाधान, डिजिटल ग्रह, उग्रवादी व्यापारिकता, एक नई योजना के साथ विकास को फिर से लिखना-टाइगर स्टोरी तथा शांति में निवेश। इन तीन दिनों के दौरान 125 देशों के 3500 से ज्यादा प्रतिभागी संवाद में निजी तौर पर हिस्सा लेंगे। लाखों लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे।विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि रायसीना डायलॉग भू राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार रायसीना डायलॉग में 125 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।



कॉन्सर्ट में आतिशबाजी से हुआ हादसा

## उत्तरी मैसेडोनिया के नाइट क्लब में लगी आग, 51 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ स्कोप्जे

उत्तरी मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी में रविवार सुबह एक नाइट क्लब में आग लग गई। हादसे में 51 लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि क्लब में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी चलने से हादसा हुआ। मैसेडोनिया के आंतरिक मंत्री पंचे तोशकोवस्की ने बताया रविवार सुबह नाइट क्लब पल्स में एक पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान आग लगी। क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी चलाई।

इससे क्लब की छत में आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब के अंदर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है। मंत्री तोशकोवस्की ने कहा कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि संगीत कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोग उपस्थित थे। घायलों को कोकानी के स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

### क्लब से उठी आग की तेज लपटें

आग लगने के बाद क्लब में अफरातफरी का आलम रहा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब से आग की लपटें उठती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय संगीत समूह की जोड़ी स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस दे रही थी। इस दौरान झूमते हुए कुछ युवाओं ने आतिशबाजी चलाई। इसके चलते छत में आग लगी। वीडियो में स्टेज से भी आग की चिंगारी निकलती नजर आई। सुरक्षा बल और अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के उपाय किए। बताया जा रहा है कि आग इतनी विशाल थी की अग्निशमन कर्मियों ने कई घंटे तक मशक्कत की। मैसेडोनिया के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

## भारत को ईयू से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग

◆ *इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।

भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है।

जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के अवरोधों को हटाए।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने वित्तपोषण वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सितंबर के अंत तक सरकार को वित्तपोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिससे फिलहाल सरकारी शटडाउन का खतरा टल गया है और कांग्रेस में चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया है। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स के बीच भी मतविभाजन दिख रहा था।। व्हाइट हाउस के प्रधान उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने शनिवार को सतत प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पिछले वर्ष की तुलना में गैर-रक्षा व्यय में लगभग 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कटौती की गई है।



सरगना हाफिज का भतीजा था कताल

## कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हमला करने वाला अबू ढेर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल पाकिस्तान में मारा गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित झेलम में शनिवार की रात अज्ञात बंदूकधारियों ने कतार को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भतीजा और संगठन का प्रमुख सदस्य कताल जम्मू-कश्मीर में कई हमलों का मास्टरमाइंड था। कताल ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इसकी लंबे समय से तलाश थी। बता दें कि 1 जनवरी 2023 को राजौरी के ढांगरी गांव में नागरिकों को निशाना बनाकर आतंकी हमला किया गया। हमले के अगले दिन एक आईईडी विस्फोट हुआ। हमलों में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एनआईए ने राजौरी हमले के मामले में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन की तीन पाकिस्तान स्थित हैंडलर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।



चीन में युवाओं के इंटरनेट इस्तेमाल पर लगेगी रोक

## सरकार तय करेगी सोशल मीडिया पर कितना समय बिताएंगे युवक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन में युवाओं के बढ़ते इंटरनेट और सोशल मीडिया उपयोग को लेकर सरकार सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। चीनी अधिकारियों का मानना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम से बच्चों की शारीरिक सेहत और पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

चीन की हाल ही में संपन्न हुई वार्षिक राजनीतिक बैठक में पूर्व बास्केटबॉल स्टार याओ मिंग ने एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें हर सेमेस्टर में एक दिन के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करने और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई थी। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग पर कड़े प्रतिबंध लगाने और हानिकारक ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण बढ़ाने का सुझाव दिया गया था। 2024 के चीनी नव वर्ष के दौरान, टेनसेंट गेम्स ने 32 दिनों में कुल 15 घंटे गेम खेलने की सीमा तय कर दी थी। हालांकि, कई बच्चे इन प्रतिबंधों को वयस्कों के अकाउंट्स का उपयोग करके आसानी से बायपास कर लेते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मीडिया पेशेवर आ कियांग का मानना है कि सरकार के ये प्रस्ताव व्यवहारिक रूप से प्रभावी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या इंटरनेट की लत नहीं, बल्कि बच्चों पर पढ़ाई और माता-पिता की उम्मीदों का भारी दबाव है। कियांग के मुताबिक, जब तक ऑफलाइन जीवन में सुधार नहीं होगा, ऑनलाइन सीमाएं काम नहीं करेंगी।




हूतियों ने जवाबी हमले की दी धमकी

## यमन में अमेरिकी सेना के विमानों ने बरपाया कहर, अब तक 31 की मौत

एजेंसी ▶▶ सना

यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है और इन लोगों में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने रविवार को बताया कि रातभर हुए हमलों में 101 लोग घायल भी हुए हैं। मेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक हमले जारी रखेंगे।हूती विद्रोहियों ने पहले कहा था कि इन हवाई हमलों में कम से कम 18 आम नागरिकों की मौत हुई है। ट्रंप ने पोस्ट में कहा, हमारे बहादुर सैनिक अमेरिकी जलमार्गों, वायु और नौसैन्य संपत्तियों की रक्षा करने तथा नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके आकाओं और मिसाइल रक्षा तंत्र पर हवाई हमले कर रहे हैं। आतंकी अमेरिकी पोतों को दुनिया के जलमार्गों पर स्वतंत्र रूप से आने-जाने से नहीं रोक पाएगी।



### ईरान ने मदद से किया इनकार

ईरान ने फिर से इस बात से इनकार किया कि वह यमन के हूती विद्रोहियों को कोई मदद दे रहा है। यह बयान तब आया जब अमेरिका ने हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान को हूतियों की हरकतों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

जेनेरेटर में हुआ ब्लास्ट और गुल हुई पूरे देश की बिजली

## पनामा में ब्लैकआउट के बाद पानी के लिए तरसे लोग

एजेंसी ▶▶ पनामा

मध्य अमेरिकी देश पनामा में रविवार को पूरे देश की बत्ती गुल हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार, ला चोरेरा थर्मोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट के एक जनरेटर में विस्फोट के बाद पनामा में पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। विस्फोट के कारण जनरेटर के अंदर आग लग गई। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो भी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जेनेरेटर के फटने के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए। इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाडक्ट्स एंड सीवर्स (आईडीएएन) ने कहा कि ब्लैकआउट के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। मुलिनो ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इसमें राजधानी पनामा सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक प्रतिष्ठान में विस्फोट दिखाया गया है। उन्होंने लिखा, "सेवाएं धीरे-धीरे बहाल कर दी जाएंगी।

### अमेरिका में भीषण तूफान, घरों के उड़े परखच्चे, 32 लोगों की मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कई हिस्सों में आए भयनकर तूफान ने तबाही मचा दी है। कई राज्यों में स्कूल भी नष्ट हो गए हैं और अभी तक कम से कम 32 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी चलने से हाईवे पर हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने बताया, तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग लापता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने बताया, पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। इस बीच, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने जानकारी दी कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी चलने के कारण कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। देशभर में एक बड़े तूफानी सिस्टम ने तेज हवाएं चलाई हैं, जिस वजह से ये मौतें हुई हैं। 100 से अधिक जंगलों में आग लगने की भी खबर सामने आई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109